इंदौर, बुधवार 18 फरवरी 2026

■ वर्ष : 5 ■ अंक : 97
■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2

dainikindoresanket.com
dainikindoresanket
dainikindoresanket
dainikindoresanket24@gmail.com

सांध्य दैनिक

# इंदौर संकेत

आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650



राष्ट्रपिता को नमन...

## अंदर के पन्नों पर...

एमवाय अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण



पेज-2

'अल्फा' की शूटिंग के दौरान आलिया-बॉबी में विवाद



पेज-5

डायल 112 में मर्सिडीज चल रही है क्या?



पेज-6



# शहर में जमीनों के भाव फिर बढ़ेंगे! गाइडलाइन में 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी

## गत वर्ष की तुलना में साढ़े तीन हजार से अधिक लोकेशनों पर बढ़ेगी गाइडलाइन की दरें

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए जिले में संपत्तियों की गाइडलाइन दरों में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। शासन से मिले ऑनलाइन डाटा और स्थानीय स्तर पर किए गए आकलन के आधार पर गाइडलाइन दर बढ़ाने का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। जिले में तीन हजार से अधिक लोकेशन पर बढ़ोतरी हो सकती है। इस माह उप पंजीयन कार्यालय में प्रस्ताव तैयार कर जिला मूल्यांकन समिति में पहुंचेगा। यहाँ से स्वीकृति के बाद मार्च के मध्य में प्रस्ताव केंद्रीय मूल्यांकन समिति को भेजना होगा।

**एआई और संपदा-2 के आधार पर होगा मूल्यांकन**- दरअसल, उप पंजीयन कार्यालयों में वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान हुए संपत्ति सौदों का विश्लेषण किया गया है। जहां जमीन या संपत्ति की खरीद-फरोख्त तय गाइडलाइन दर से अधिक कीमत पर हुई है, उन स्थानों पर दर बढ़ाने की सिफारिश की जा रही है। इसमें 10 प्रतिशत से ज्यादा दस्तावेज पंजीकृत होने वाली लोकेशन को ही बढ़ोतरी में शामिल किया गया है। एआई और संपदा-2 के आधार पर बढ़ोतरी का प्रस्ताव तैयार किया जाएगा।

**हजारों लोकेशन पर 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि संभावित**-शासन ने बीते माह करीब 3200 लोकेशन पर संभावित बढ़ोतरी की जानकारी भेजी थी। विस्तृत जांच के बाद 2400 स्थानों पर 10 प्रतिशत से अधिक बढ़ोतरी सामने आई है, जबकि करीब 600 स्थानों पर स्थानीय स्तर पर अतिरिक्त वृद्धि दर्ज की गई। वर्तमान वित्तीय वर्ष के बीच में विभाग ने सौ से अधिक नई कालोनियों को गाइडलाइन में जोड़ने का प्रस्ताव भेजा था, जिनमें से 91 को मंजूरी मिल चुकी है। इनकी जानकारी पोर्टल पर अपलोड कर रजिस्ट्रियां भी शुरू कर दी गई।

**नई लोकेशन और पिछले वर्षों का रिकॉर्ड**-आने वाले वित्तीय वर्ष में करीब 200 नई लोकेशन और शामिल होने की संभावना है। इसके लिए विभाग ने आवेदन मांगे हैं, जिनमें स्वीकृत नक्शा, रेरा पंजीयन और अन्य वैध अनुमतियां जरूरी होंगी। मौजूदा वित्त वर्ष में भी कई क्षेत्रों में गाइडलाइन दरों में 20 से लेकर 270 प्रतिशत तक बढ़ोतरी की गई थी। सबसे ज्यादा वृद्धि ग्रामीण क्षेत्रों की कृषि भूमि में देखी गई थी। अधिक कीमत पर रजिस्ट्रियां होने और भूमि अधिग्रहण से जुड़े विरोध को ध्यान में रखते हुए यह बदलाव किए गए थे।

## बजट होगा आज पेश, सीएम बोले अनूठा नवाचार होगा




**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** ● मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा- मध्य प्रदेश देश का ऐसा पहला राज्य होगा, जो अनूठा नवाचार करने जा रहा है। हमारे इस बजट में अगले 3 साल का खाका होगा, जिसमें इस वर्ष के विस्तृत बजट के साथ अगले 2 साल की विकास योजनाओं की आउटलाइन भी शामिल रहेगी।

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा- बजट में प्रदेश को नई सौगात नहीं मिलने वाली। बेहतर बजट वो होता है, जो आम जनता को लाभ पहुंचाए। यह जमीनी हकीकत से दूर का बजट है। बीजेपी की सपने दिखाने की आदत है। बजट एससी-एसटी, किसान, ओबीसी किसी के पक्ष में नहीं है। जो पुरानी योजनाएं चल रही हैं, उन्हीं को नए आंकड़ों के साथ लाएंगे। किसान की आय दोगुनी नहीं कर सकते। किसान को काम नहीं देना चाहते और किसानों का वर्ष मना रहे हैं।

इससे पहले मंगलवार को वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने चालू वित्तीय वर्ष का तीसरा अनुपूरक बजट पेश किया। यह 19 हजार 287 करोड़ 32 लाख रुपए का है, जिस पर 23 फरवरी को चर्चा होगी। इसके साथ ही सदन में आर्थिक सर्वेक्षण भी पेश किया गया। बता दें कि मध्यप्रदेश विधानसभा का बजट सत्र 6 मार्च तक चलेगा। इसमें कुल 3478 प्रश्नों की सूचनाएं, 236 ध्यानाकर्षण, 10 स्थगन प्रस्ताव, 41 अशासकीय संकल्प पेश होंगे।



## पुतिन का एक ऐलान और सोना होगा धड़ाम, कई देशों में हड़कंप

**नई दिल्ली (एजेंसी)** ● एक रिपोर्ट के मुताबिक रूस यूक्रेन युद्ध के खत्म होने के बाद रूस ने अमेरिका के साथ एक बड़ी डील करने का प्रस्ताव तैयार कर लिया है। आपको बता दें कि 2022 में यूक्रेन जंग की शुरुआत के बाद रूस को ग्लोबल पेमेंट सिस्टम शिफ्ट से बाहर निकाल दिया गया था।

भारत और अमेरिका के बीच हुई ट्रेड डील के बाद अचानक कुछ ऐसा होने जा रहा है जिसकी उम्मीद किसी को नहीं थी। रूस ने पूरी दुनिया को चौंकाते हुए अमेरिका को एक ऐसा ऑफर दिया है जिससे भारत और दुनिया में अचानक सोना सस्ता होना शुरू हो गया है। कई एक्सपर्ट्स का कहना है कि रूस की वजह से 10 ग्राम सोना 1 लाख के नीचे तक पहुंच सकता है। इस होश उड़ा देने वाली कहानी को पीएम मोदी ने पहले से ही भांप लिया था। जिसका फायदा आने वाले दिनों में भारत को मिलना तय है। हालांकि यह खबर चीन को हिलाकर रख देगी। दरअसल खबर है कि रूस जल्द ही व्यापार के लिए दोबारा अमेरिकी डॉलर का इस्तेमाल शुरू कर सकता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक रूस यूक्रेन युद्ध के खत्म होने के बाद रूस ने अमेरिका के साथ एक बड़ी डील करने का प्रस्ताव तैयार कर लिया है। आपको बता दें कि 2022 में यूक्रेन जंग की शुरुआत के बाद रूस को ग्लोबल पेमेंट सिस्टम शिफ्ट से बाहर निकाल दिया गया था।

## आरजीपीवी में परीक्षा टेंडरों को लेकर आया नया विवाद



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** ● राजधानी स्थित राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) में टेंडर प्रक्रिया को लेकर नया विवाद सामने आया है। छात्र नेताओं ने विश्वविद्यालय के कुलपति को ज्ञापन सौंपकर हाल ही में जारी दो टेंडरों में अनियमितताओं के आरोप लगाए हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि विश्वविद्यालय द्वारा क्वेश्चन पेपर पब्लिशिंग और व्हीकल लोडिंग फॉर एग्जाम पर्पज के लिए निकाले गए टेंडर संदिग्ध परिस्थितियों में एक कंपनी को सौंपे गए हैं। मांग की गई है कि इन टेंडरों की निष्पक्ष जांच कराई जाए और यदि गड़बड़ी साबित हो तो टेंडर निरस्त कर दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। हस्ढ्ढ के प्रदेश महासचिव अंकित भारद्वाज ने टेंडरों में भारी अनियमितताओं का आरोप लगाया है।

**पुराने टेंडर का भी हवाला**-ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि पूर्व में डाटा स्कैनिंग का टेंडर भी नियमों को दरकिनार कर एक अप्रशिक्षित कंपनी को दिया गया था। बाद में जांच में अनियमितताएं सामने आने पर वह टेंडर निरस्त किया गया। उस समय टेंडर प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों में राघवेन्द्र सिंह (एग्जाम कंट्रोलर), योगेन्द्र राठौर, असीम तिवारी और सोनवाने के नाम सामने आए थे। एनएसयूआई ने आरोप लगाया है कि विश्वविद्यालय में टेंडर प्रक्रिया पारदर्शी नहीं है और इसमें गंभीर त्रुटियों की आशंका है।

### न्यूज ब्रीफ

- दिल्ली पहुंचे फिनलैंड के पीएम पेटेरी ओर्पो, 'इंडिया इम्पैक्ट समिट 2026' में लेंगे भाग
- गुजरात : वित्त मंत्री कनुभाई देसाई आज विधानसभा में पेश करेंगे बजट
- दिल्ली-एनसीआर में अचानक बदला मौसम, आसमान में छाए बादल
- भारत समेत कई देशों में यूट्यूब डाउन
- बिहार विधानसभा बजट सत्र : आज ग्रामीण कार्य विभाग के बजट अनुदान प्रस्ताव पर होगी चर्चा
- यूएस-जापान ट्रेड डील शुरू, अमेरिका में होगा 550 अरब डॉलर का निवेश : ट्रंप
- तेहरान अपना शांतिपूर्ण परमाणु कार्यक्रम कभी बंद नहीं करेगा : ईरानी राष्ट्रपति
- 80 से अधिक यूएन देशों ने इजराइल के वेस्ट बैंक लैंड रजिस्ट्रेशन फैसले की निंदा की
- आज प. बंगाल के नदिया जिले का दौरा करेंगे गृहमंत्री
- यूक्रेन-रूस युद्ध : अमेरिका की मौजूदगी में जिनेवा में शांति वार्ता शुरू
- आज भारत आएंगे ब्राजील के राष्ट्रपति
- सीएम योगी आज संघ प्रमुख मोहन भागवत से करेंगे मुलाकात

**पाकिस्तान को दोहरा झटका**

## सिंधु के बाद अब रावी का भी पानी रोकेगा भारत

**नई दिल्ली (एजेंसी)** ● सिंधु जल संधि को निलंबित करने के बाद अब भारत पाकिस्तान को दोहरा झटका देने की तैयारी में है। दरअसल भारत सरकार रावी नदी के भारत के हिस्से के जल को भी पाकिस्तान जाने से रोकने की योजना बना रही है। अगर ऐसा होता है तो गर्मी के मौसम में पाकिस्तान का जल संकट गहरा सकता है। शाहपुर कंडी बांध परियोजना लगभग पूरी हो चुकी है और यह परियोजना पाकिस्तान के लिए परेशानी खड़ी कर सकती है। दरअसल सिंधु जल संधि समझौते के निलंबित होने के बाद पंजाब-जम्मू कश्मीर की सीमा पर बन रहे शाहपुर कंडी बांध के काम में तेजी आई है और अब यह प्रोजेक्ट पूरा होने के करीब है। जम्मू कश्मीर के मंत्री जावेद अहमद राना ने यह जानकारी दी। राना ने ये भी कहा कि जब शाहपुर कंडी बांध का काम पूरा हो जाएगा तो उसकी मदद से रावी नदी के भारत के हिस्से के अतिरिक्त पानी को पाकिस्तान की तरफ बहने से भी रोका जा सकेगा। रावी नदी के रोके गए अतिरिक्त पानी को सूखा प्रभावित कठुआ और सांबा जिलों की तरफ डायवर्ट किया जा सकेगा। शाहपुर कंडी बांध का काम 31 मार्च तक पूरा हो सकता है। जावेद अहमद राना ने मीडिया से बात करते हुए कहा, 'पाकिस्तान को जाने वाला अतिरिक्त पानी रोका जाएगा।

## सिद्धू दंपती की 'घर वापसी' की तैयारी में बीजेपी

**नई दिल्ली (एजेंसी)** ● पंजाब विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी ने नवजोत सिंह सिद्धू और उनकी पत्नी नवजोत कौर सिद्धू की संभावित 'घर वापसी' को लेकर सक्रियता बढ़ा दी है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, दोनों नेताओं को दोबारा भाजपा में शामिल कराने के लिए एक प्रारंभिक रोडमैप तैयार कर लिया गया है और शीर्ष नेतृत्व इस पर अंतिम निर्णय से पहले वरिष्ठ नेताओं से विचार-विमर्श करेगा। सूत्रों का कहना है कि इस महीने के अंत तक इस मुद्दे पर स्पष्ट फैसला सामने आ सकता है। फिलहाल बातचीत शुरुआती चरण में है, लेकिन संकेत हैं कि केंद्रीय नेतृत्व इस विषय को गंभीरता से ले रहा है।



नवजोत सिंह सिद्धू फिलहाल कांग्रेस में हैं, जबकि उनकी पत्नी नवजोत कौर को कांग्रेस से निष्कासित किया जा चुका है। पिछले कुछ समय से सिद्धू दंपती कांग्रेस नेतृत्व और प्रदेश अध्यक्ष पर खुलकर निशाना साध रहे हैं। साथ ही, वे प्रधानमंत्री मोदी की सार्वजनिक रूप से प्रशंसा करते नजर आए हैं। सिद्धू दंपती का ये रुख भाजपा में वापसी की ओर इशारा कर रहा है। हालांकि, अब तक सिद्धू या भाजपा की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

**सिद्धू दंपती के वापसी पर उठ रहे विरोध के सुर**-भाजपा की पंजाब इकाई के भीतर सिद्धू दंपती की वापसी को लेकर मतभेद भी सामने आ रहे हैं। खासतौर पर पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह और सिद्धू के बीच पुरानी राजनीतिक अदावत रही है, जो कांग्रेस के समय से चली आ रही है।

**झटका** | असम में चुनाव से पहले पार्टी के पूर्व अध्यक्ष भूपेन बोरा ने दिया इस्तीफा

## आखिरी हिंदू नेता भी छोड़ चला कांग्रेस

**गुवाहटी (एजेंसी)** ● असम में कुछ महीनों बाद होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। कांग्रेस के कद्दावर नेता और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेन बोरा ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। उनके इस्तीफे के बाद कांग्रेस के कई नेताओं ने उनसे मुलाकात की, उन्हें मनाने की कोशिश की। प्रभारी जितेंद्र सिंह ने मीडिया के सामने घोषणा तक कर दी कि भूपेन बोरा अपना इस्तीफा वापस ले रहे हैं। जितेंद्र सिंह ने यह भी कहा था कि राहुल गांधी ने फोन पर भूपेन बोरा से बात की है। जिसके बाद उन्होंने इस्तीफा वापस लेने का फैसला किया। लेकिन ह्ष्ठञ्जङ्क ने सोमवार शाम में ही बता दिया था भूपेन बोरा कांग्रेस से इस्तीफा वापस नहीं ले रहे हैं।



मंगलवार शाम असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेन बोरा से मुलाकात की। असम सीएम गुवाहाटी के घोरमारा इलाके में बोरा के आवास पर पहुंचे, जहां उनकी पत्नी और बेटे ने मुख्यमंत्री की आरती की और स्वागत किया। मुलाकात के बाद असम सीएम ने घोषणा की कि भूपेन बोरा 22 फरवरी को बीजेपी ज्वाईन करेंगे।

असम में कांग्रेस के आखिरी मान्यता प्राप्त हिंदू नेता ने कांग्रेस छोड़ दी है। उन्हें बीजेपी में पूरा सम्मान मिलेगा। उनके शामिल होने से बीजेपी मजबूत होगी। कांग्रेस अब असम की पार्टी नहीं रही। भाजपा आसानी से सरकार बनाएगी, हम पूरी गंभीरता से चुनाव लड़ेंगे और कांग्रेस को कितने वोट मिलेंगे, इस पर मुझे कोई ध्यान नहीं है।

### गौरव गोगोई दिमाग का इस्तेमाल नहीं करते- हिमंता बिस्व सरमा

*हिमंता ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गौरव गोगोई पर तीखा हमला करते हुए कहा कि गौरव गोगोई दिमाग का इस्तेमाल नहीं करते। उन्हें चुनाव प्रबंधकों के एक समूह से निर्देश मिलते हैं। कांग्रेस नेतृत्व अपरिपक्व है, उन्हें भूपेन बोरा द्वारा उठाए गए मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए था। केवल राहुल गांधी द्वारा असंतुष्ट नेता को फोन करने से काम नहीं चलेगा। उन्हें भूपेन बोरा को पार्टी में बनाए रखने के लिए वास्तविक प्रयास करने चाहिए थे।*

## बिना भवन अनुमति वाले 16 हास्पिटल संचालकों को चार सप्ताह में देना होगा जवाब

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● शहर में अवैध रूप से संचालित निजी अस्पतालों को लेकर दायर जनहित याचिका पर मध्य प्रदेश हाईकोर्ट, इंदौर खंडपीठ में हुई सुनवाई के दौरान चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। नगर निगम इंदौर ने कोर्ट में जवाब पेश कर स्वीकार किया कि शहर में 16 निजी अस्पताल बिना वैध भवन अनुमति के संचालित हो रहे हैं।

मंगलवार को जस्टिस विजय कुमार शुक्ला और जस्टिस आलोक अवस्थी की खंडपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। इस दौरान सीएमएचओ डॉ. माधव हसानी हाईकोर्ट के निर्देशों के बावजूद अपना जवाब प्रस्तुत नहीं कर सके, जिस पर कोर्ट ने नाराजगी जताई।




**आवासीय और कोचिंग अनुमति पर चल रहे अस्पताल**- नगर निगम की ओर से कोर्ट को बताया गया कि कई अस्पताल ऐसे भवनों में संचालित हो रहे हैं, जिन्हें आवासीय अथवा कोचिंग संस्थान की अनुमति दी गई थी। इन भवनों में अस्पताल संचालन के लिए आवश्यक वैधानिक स्वीकृतियां नहीं ली गईं।

**31 अस्पताल संचालकों को नोटिस**-मामले की गंभीरता को देखते हुए हाईकोर्ट ने शहर के 31 निजी अस्पताल संचालकों को नोटिस जारी करते हुए चार सप्ताह के भीतर जवाब पेश करने के निर्देश दिए हैं। अगली सुनवाई में सभी संबंधित पक्षों को उपस्थित रहने के आदेश भी दिए गए हैं। याचिकाकर्ता चर्चित शास्त्री की ओर से एडवोकेट ने कोर्ट को बताया कि कुछ अस्पताल नगर निगम और फायर सेफ्टी शाखा के कथित कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर संचालित किए जा रहे हैं। इस पर कोर्ट ने सभी पक्षों के तर्क सुनते हुए विस्तृत जवाब तलब किया है।

## न्यूज ब्रीफ

### नापतौल विभाग में फेदबदल को लेकर बैठक

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** इंदौर में नापतोल विभाग के निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव को लेकर मंगलवार को डिप्टी कंट्रोलर संजय पाटनकर की मौजूदगी में एक बैठक हुई। नापतोल विभाग में लंबे समय से निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र-एरिए नहीं बदले गए है, बैठक का मुख्य मुद्दा निरीक्षकों के कार्य क्षेत्र-एरिया बदलने को लेकर ही था। विभागीय सूत्र के मुताबिक प्रभारी डिप्टी कंट्रोलर संजय पाटनकर ने बैठक में नदारत रहें निरीक्षकों पर नाराजगी जताते हुई हिदायत दी है कि अगर अगली बार बैठक में हाजिर नहीं हो सके तो कारण बताओं नोटिस जारी किया जाएंगा। इंदौर में तैनात नापतोल इंस्पेक्टर पेट्रोल पंप, धर्मकांटा, और अन्य पैकेटबंद वस्तुओं की दुकानों का औचक निरीक्षण करते हैं। एरिया बदलने के बाद, वे नए आवंटित क्षेत्रों में जांच करेंगे। डिप्टी कंट्रोलर ने दिए जांच के निर्देश प्रभारी डिप्टी कंट्रोलर संजय पाटनकर ने बैठक में अफसरों को कहा पेट्रोल पंपों पर सही माप और सीलिंग की जांच को प्राथमिकता दी जाएं।

### श्रमिकों के बच्चों का शैक्षणिक उत्थान हमारी प्राथमिकता- पटेल

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** मध्यप्रदेश श्रम कल्याण मंडल की 64वीं बैठक में श्रमिकों के बच्चों के शैक्षणिक उत्थान को केंद्र में रखते हुए मेधावी छात्रों को प्रोत्साहन देने और प्रारंभिक स्तर पर कॅरियर काउंसलिंग की व्यवस्था विकसित करने पर प्राथमिकता दी गई। श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा कि श्रमिक परिवारों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन और अवसर उपलब्ध कराना मंडल की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने मंडल की योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार के साथ उद्योगों में कार्यरत श्रमिकों को इन अवसरों के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए। बैठक में मंडल का आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट माननीय सदस्यों द्वारा चर्चा उपरांत सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक में श्रम सचिव रघुराज राजेन्द्रन, कल्याण आयुक्त संजय कुमार एवं श्रमिकों एवं नियोजकों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि श्रमिकों और कर्मचारियों का मनोबल बनाए रखना शासन की जिम्मेदारी है।

### कृषि कल्याण वर्ष में बड़वानी में कृषि उन्नयन के लिए आयोजित हुई कृषि संगोष्टि

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** प्रदेश शासन द्वारा वर्ष 2026 को कृषि कल्याण वर्ष घोषित किया गया है। इसके लिए इंदौर संभाग के बड़वानी में एक्जोटिक फसलों और केले के एक्सपोर्ट हब के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से एक दिवसीय कृषि उन्नयन संवाद आयोजित किया गया। इस संवाद कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय कृषि विशेषज्ञों, निर्यातकों और प्रगतिशील किसानों सहित बड़ी संख्या में जिले के प्रेक्षक सम्मिलित हुए, जहाँ जिले के केले को वैश्विक मानकों पर खरा उतारने के लिए विशेषज्ञों ने अपने अनुभव साझा किए। अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों की उपस्थिति में किसानों को आधुनिक खेती और वैश्विक बाजार से जुड़ने की रणनीतियां बताई गई।

### जनसुनवाई : थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को तत्काल राहत

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की संवेदनशील पहल के तहत इंदौर जिले में प्रति मंगलवार आयोजित होने वाली जनसुनवाई का क्रम लगातार जारी है। जनसुनवाई के सकारात्मक परिणाम भी सामने आ रहे हैं, जिसमें अनेक आवेदकों की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। जिन मामलों का तत्काल निराकरण संभव नहीं हो पाता, उनके लिए समय-सीमा निर्धारित की जाती है तथा प्रत्येक सोमवार को कलेक्टर शिवम वर्मा द्वारा प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा भी की जा रही है।

# 18 मीटर चौड़ी सड़क के निर्माण पर मचा बवाल

## चंदन नगर-कालानी नगर के रहवासियों ने मानव श्रृंखला बनाकर जताया विरोध

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** चंदन नगर से कालानी नगर के बीच प्रस्तावित 18 मीटर चौड़ी सड़क के निर्माण को लेकर क्षेत्र में विरोध तेज हो गया है। सोमवार को सड़क निर्माण की जद में आने वाले रहवासी सड़कों पर उतर आए और मानव श्रृंखला बनाकर अपना विरोध दर्ज कराया। विरोध प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में लोग हाथों में तख्तियां लेकर और काले कपड़े पहनकर सड़क पर उतरे। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सड़क निर्माण के मौजूदा स्वरूप पर आपत्ति जताई।



**विकास के नाम पर घर नहीं उजाड़े जाएं :** रहवासियों का कहना है कि वे विकास के विरोधी नहीं हैं, लेकिन विकास के नाम पर घरों, आजीविका और वर्षों पुरानी बसाहट को उजाड़ना स्वीकार नहीं किया जा सकता। उनका आरोप है कि प्रस्तावित सड़क के कारण कई मकान और व्यावसायिक प्रतिष्ठान प्रभावित होंगे, जिससे लोगों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। गौरतलब है कि इस 18 मीटर चौड़ी सड़क परियोजना को राज्य शासन से मंजूरी मिल चुकी है और इस संबंध में गजट नोटिफिकेशन भी जारी किया जा चुका है। इसके बावजूद स्थानीय रहवासी परियोजना पर पुनर्विचार की मांग कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क निर्माण से पहले प्रभावित परिवारों से संवाद स्थापित किया जाए और वैकल्पिक मार्ग या डिजाइन पर गंभीरता से विचार किया जाए।

**आंदोलन की चेतावनी-** रहवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। वहीं प्रशासन की ओर से अभी तक आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

## एमवाय अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण लापरवाही पर एजेंसी पर लगाया जुर्माना



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** एमवाय अस्पताल का मंगलवार को महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अरविद घनघोरिया ने आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल की सभी मंजिलों का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और मरीजों से बातचीत कर उनका हालचाल जाना।

निरीक्षण के दौरान डीन ने वार्डों की साफ-सफाई, बाथरूम की स्थिति, दीवारों पर लगी फफूंदी, सीलन, टूटी खिड़कियों-दरवाजों और क्षतिग्रस्त टाइल्स को लेकर नाराजगी जताई। उन्होंने संबंधित एजेंसी बीवीजी कंपनी को तत्काल सुधार के निर्देश दिए और लापरवाही पाए जाने पर मौके पर ही 25 हजार रु. का जुर्माना लगाया। साथ ही अस्पताल अधीक्षक डॉ. अशोक यादव को लंबित कार्यों के संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। डीन ने स्पष्ट निर्देश दिए कि मरीजों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने डॉक्टरों को समय पर उपस्थित रहने, खराब मशीनों को शीघ्र दुरुस्त कराने, दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# बोर्ड परीक्षा की कॉपियों का मूल्यांकन 23 फरवरी से होगा

## 22 तक हो चुके प्रश्नपत्रों की कॉपियां समन्वयक संस्था से अन्य जिलों में भेजी जाएंगी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** वर्तमान में जारी माध्यमिक शिक्षा मंडल की हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी बोर्ड की परीक्षाओं के बीच ही मूल्यांकन कार्य भी शुरू करने की तैयारी की जा रही है। मिली जानकारी के मुताबिक 23 फरवरी से मूल्यांकन कार्य शुरू होगा। 22 फरवरी तक जितने भी प्रश्न पत्र हो चुके है, उनकी कॉपियां समन्वयक संस्था से अन्य जिलों में भेजी जाएगी। अन्य जिलों की कॉपियां इंदौर में जंचने के लिए आएंगी। शिक्षकों द्वारा मूल्यांकन कार्य के शुरू होने के पहले मूल्यांकन कर्ताओं का प्रशिक्षण होगा। हाल ही में इंदौर के प्रमुख शिक्षाविद और शिक्षा विभाग के गणमान्य मास्टर ट्रेनर के रूप में भोपाल से प्रशिक्षण लेकर आ गए हैं और वही वर्तमान में मूल्यांकनकर्ताओं को प्रशिक्षण देंगे। जैसा कि सभी जानते हैं 10 फरवरी से हायर सेकेंडरी की मुख्य वार्षिक परीक्षाएं आरंभ हो गई है और 13 फरवरी से हाई स्कूल बोर्ड की भी परीक्षाएं आरंभ हो चुकी है दोनों ही परीक्षाओं में लगभग 80000 से ज्यादा परीक्षार्थी सम्मिलित हो रहे हैं इंदौर में 138 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

इधर चलती परीक्षाओं के बीच माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड ने मूल्यांकन कार्य की शुरुआत करना तय कर लिया है सूत्रों का कहना है कि इंदौर से प्राचार्य मालव कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय बबीता हयारण, प्रभारी प्राचार्य तपन जिंदल, शोभा शुक्ला, पवार सहित अन्य वरिष्ठ शिक्षक प्राचार्य भोपाल में बोर्ड के परीक्षाओं के मूल्यांकन का प्रशिक्षण लेकर लौटे हैं और आने वाले समय में बोर्ड परीक्षाओं का जो मूल्यांकन हुआ उसके प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण देंगे। जिला शिक्षा विभाग भी परीक्षाओं के बीच मूल्यांकन की तैयारी में जुट गया है।

**कन्या मावि. में होगा मूल्यांकन जिला शिक्षा विभाग सूत्रों के मुताबिक इस बार भी**-मूल्यांकन कार्य शासकीय मालव कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में होगा और आगामी 23 फरवरी को इंदौर जिले के सभी केंद्र अध्यक्ष सहायक केंद्र अध्यक्ष और इनविजीलेटर के साथ-साथ ऑब्जर्वर और अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं को 22 फरवरी को तय वेन्यू पर प्रशिक्षण के लिए उपस्थित रहना पड़ेगा। सूत्रों का यह भी कहना है कि उस दिन बोर्ड परीक्षा का पेपर है। इसलिए प्रशिक्षण का समय बोर्ड परीक्षा समापन के पश्चात होगा। सूत्रों कहना है कि तमाम शिक्षक शिक्षिकाओं केन्द्राध्यक्ष, सहायक केंद्र अध्यक्ष इनविजीलेटर्स ऑब्जर्वर को चलती परीक्षा के बीच पहले परीक्षा लेनी पड़ेगी और बाद में उन्हें मूल्यांकन केंद्र के अंदर पहुंचाना पड़ेगा मूल्यांकन कार्य हेतु।

## 1500 टन लिगेसी वेस्ट हटाने की मुहिम तेज, नागरिकों और व्यापारियों से किया संवाद

# महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने संभाली देपालपुर में स्वच्छता की कमान

### सिंगल यूज प्लास्टिक के लिए अभियान

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** देपालपुर में करीब 1500 टन लिगेसी वेस्ट को पूरी तरह हटाने के लिए चल रही मुहिम को और गति मिली। महापौर पुष्यमित्र भार्गव मंगलवार सुबह से ही नगर निगम की विशेष टीम और एमआईसी सदस्यों, अपर आयुक्त और अधिकारियों के साथ देपालपुर पहुंचे और जागरूकता गतिविधियों का संचालन किया।

इस अवसर पर एमआईसी सदस्य अश्विन शुक्ल, अभिषेक शर्मा, मनीष शर्मा मामा, राकेश जैन, अपर आयुक्त प्रखरसिंह सहित स्व% छत भारत मिशन के अधिकारी-कर्मचारी सहित स्थानीय पार्षद ओर जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। महापौर ने व्यापारियों से संवाद करते हुए





बताया कि इंदौर नगर निगम द्वारा देपालपुर को गोद लेने के बाद सफाई व्यवस्था में बड़ा सुधार दिखाई दिया है। नगर निगम की जिम्मेदारी सीमित है, जबकि नागरिकों और व्यापारियों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। महापौर ने सब्जी बाजार व दुकानों में जाकर गीला-सूखा कचरा, सिंगल यूज प्लास्टिक के

बारे में समझाया। इसके साथ कचरा वाहन के साथ महपौर और अधिकारियों ने डोर-टू-डोर नागरिकों की राय लेते हुए स्व% छता में उनकी भागीदारी के बारे में बताया। बाजारों में हो एक जैसे बोर्ड: महापौर व्यापारियों के साथ आयोजित चौपाल में महापौर ने सुझाव दिया यदि पूरा बाजार एक समान आकार और डिजाइन के बोर्ड लगाए तो क्षेत्र और आकर्षक व व्यवस्थित नजर आएगा। स्वच्छता तभी सफल होगी जब प्रत्येक नागरिक इसमें सक्रिय भागीदारी निभाए। जब तक समाज बुराइयों का विरोध नहीं करेगा, तब तक अच्छी पहल सफल नहीं होगी।

### ट्रेचिंग ग्राउंड का स्वरूप बदला

देपालपुर के ट्रेचिंग ग्राउंड का स्वरूप महज एक दिन में पूरी तरह बदल गया। कुछ दिनों पहले तक कबरे के पहाड़ थे, वहां अब साफसुथरी और व्यवस्थित व्यवस्था देखकर देपालपुर के पार्षद भी हैरान रह गए। इंदौर की तर्ज पर देपालपुर को भी नंबर वन बनाने के संकल्प के साथ महापौर आज देपालपुर ट्रेचिंग ग्राउंड पहुंचे, जहां 1500 टन लिगेसी वेस्ट को समाप्त करने के अभियान के तहत सफाई कार्य तेज गति से किया गया।

## संभागायुक्त ने दो उच्च माध्यमिक शिक्षकों को किया निलंबित

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने परीक्षा के दौरान सौंपे गये दायित्वों के निर्वहन एवं शासकीय कार्य के प्रति गंभीर लापरवाही बरतने पर दो उच्च माध्यमिक शिक्षकों को निलंबित कर दिया है। निलंबन की कार्रवाई कलेक्टर, जिला बुरहानपुर द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर की गई है। कलेक्टर, जिला बुरहानपुर द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि श्री जितेन्द्र कुमार कुलकर्णी, उच्च माध्यमिक शिक्षक, शाउमावि, डोईफोडिया एवं श्रीमती अनीता दीक्षित, उच्च माध्यमिक शिक्षक, शाउमावि निम्बोला को माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा संचालित हायर सेकेण्डरी एवं हाई स्कूल परीक्षा वर्ष 2025-26 का तुकईधड केन्द्राध्यक्ष एवं सहायक केन्द्राध्यक्ष नियुक्त किया गया है। 17 फरवरी 2026 की कक्षा 10वीं के अंग्रेजी विषय का प्रश्न पत्र मोबाईल के व्हाटस एप पर स्टेटस लगाकर श्रीमती राजकुमारी सोनी प्राथमिक शिक्षक, उमावि तुकईधड द्वारा उसे सार्वजनिक कर शासकीय कार्य में गंभीर लापरवाही एवं गोपनीयता भंग करने का प्रयास किया गया। इस संबंध में जिला स्तर पर श्रीमती सोनी, प्राथमिक शिक्षक को निलंबित कर अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रारंभ की गई है। उक्त घटना से स्पष्ट है कि श्री जितेन्द्र कुमार कुलकर्णी, केन्द्राध्यक्ष एवं श्रीमती अनीता दीक्षित, उच्च माध्यमिक शिक्षक, द्वारा परीक्षा संचालन के दौरान परीक्षा केन्द्र तुकईधड पर केन्द्राध्यक्ष एवं सहायक केन्द्राध्यक्ष द्वारा दायित्व के निर्वहन में गंभीर लापरवाही की गई, जिससे 17 फरवरी 2026 को श्रीमती सोनी द्वारा कक्षा 10 वीं के अंग्रेजी विषय का प्रश्न पत्र अपने मोबाईल से व्हाटस एप पर स्टेटस लगाकर गोपनीयता भंग की गई तथा केन्द्राध्यक्ष व सहायक केन्द्राध्यक्ष द्वारा इस घटना को रोकने का कोई प्रयास नही किये जाने से प्रथम दृष्टया वह दोषी पाये गए। इससे स्पष्ट है कि केन्द्राध्यक्ष एवं सहायक केन्द्राध्यक्ष द्वारा माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा संचालित परीक्षा के नियमों एवं निर्देशों की विपरीत होकर म.प्र. सिविल सेवा आचरण नियम 1, 2, 3 का स्पष्ट उल्लघंन किया गया है।

# भाजपा की मूल ताकत उसके कार्यकर्ताः संभाग प्रभारी

## दीन दयाल भवन में इंदौर नगर की कामकाजी बैठक सम्पन्न हुई

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** मंगलवार को भाजपा कार्यालय पर भाजपा इंदौर नगर की कामकाजी बैठक सम्पन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए संभाग प्रभारी रणवीरसिंह रावत ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसा दल है, जिसमें इतना बड़ा परिवार एक साथ अनुशासन और शालीनता के साथ बैठकर योजना बनाता है, अन्य दलों में ऐसा नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि मप्र से ही पितृ पुरुष कुशाभाऊ ठाकरे ने आजीवन सहयोग निधि की शुरुआत की थी। मप्र भाजपा आदर्श संगठन है, उसके कार्यकर्ता भी आदर्श कार्यकर्ता है, वह स्वयं अपने परिश्रम से धन कमाकर पार्टी को देता है, समय भी देता है और समर्पण भी करता यह उसका स्वभाव है।

उन्होंने कहा आज भाजपा की जो ताकत बढ़ी है, उसका मूल हमारे विचारवान कार्यकर्ता है। पार्टी ने आपको पदाधिकारी बनाया है, तो निश्चित रूप से आपकी जिम्मेदारी बड़ी है, समाज आपको आशावादी नजरों से देख रहा है, इसलिए समाज की अपेक्षाओं को पूरा करते हुए संगठन के विस्तार में लगे। नगर प्रभारी राजेश सोलंकी ने कहा आज 21 राज्यों में हमारी सरकारें है। पंच से लेकर प्रधानमंत्री तक हमारे कार्यकर्ता नेतृत्व कर रहे हैं, लेकिन संगठन सर्वोपरि का भाव कार्यकर्ताओं में होना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं कि मुझे गर्व है कि मैं भाजपा का कार्यकर्ता हूं, कार्यकर्ता हमारी



पार्टी का आधार है। कार्यकर्ताओं के बल पर ही हम 2 सांसदों से विश्व के सबसे बड़े राजनैतिक दल तक पहुंचे है। हमारे इस संगठन को कई महापुरुषों ने सिंचकर इस स्थिति में पहुंचाया है, इसलिए सभी कार्यकर्ता संगठन भाव के साथ संगठन के विस्तार में जुटे। आजीवन समर्पण निधि प्रभारी गोपीकृष्ण नेमा ने कहा 2014 से लेकर 2026 तक प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में तीसरी बार हमारी सरकार बनी है, लेकिन कोई भी व्यक्ति 1 रुपए का भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा पाया, यह सुशासन है, यह राजनीति में शुचिता है, यह शुचिता बनी रहे और भाजपा मजबूत हो इसलिए आजीवन समर्पण निधि के कार्य में सभी कार्यकर्ता अपना योगदान दे।

**लक्ष्य से अधिक कार्य-** भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने कहा कि केंद्रीय और प्रदेश संगठन इंदौर को जो लक्ष्य देता है, कार्यकर्ताओं के परिश्रम से हम उस लक्ष्य से अधिक कार्य पूरा करते हैं। इसलिए इंदौर के कार्यकर्ताओं की प्रशंसा पूरे देश में होती है। प्रशिक्षण वर्ग हमारी कार्य पद्धति का अभिन्न अंग है, प्रशिक्षण से कार्यकर्ता सामाजिक जीवन में संगठन कार्य को पूरी दक्षता के साथ धरातल पर उतारकर संगठन का विस्तार करते हैं। आजीवन सहयोग निधि में संगठन ने प्रत्येक विधानसभा को लक्ष्य दिया है, इंदौर हर काम में नंबर वन रहता है, तो कार्यकर्ता लक्ष्यों को पूरा कर इंदौर को नंबर वन बना कर मजबूत भाजपा- मजबूत भारत के संकल्प को पूरा करे। इस अवसर पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव, पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता, प्रताप करोसिया, अंजू माखीजा, दीपक जैन टीनू, नंदकिशोर पहाड़िया, राजेश उदावत, बबलू शर्मा, मनीष शर्मा, सुधीर कोल्हे, महेश कुकरेजा, अनंत पंवार, अशोक अधिकारी, राकेश जैन, कमल वाघेला, हरप्रीतसिंह बक्शी, मुकेश मंगल, वासुदेव पाटीदार, राकेश शर्मा, भूपेंद्रसिंह केसरी, दीपेन्द्र सिंह सोलंकी, मंजू ठाकुर, स्वाति काशीद, इंदु श्रीवास्तव व अन्य उपस्थित थे।

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत

इंदौर, बुधवार 18 फरवरी 2026

न्यूज ब्रीफ

### स्वास्थ्य शिविर का 22 को

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • केयर सीएचएल हॉस्पिटल और श्री परशुराम सेना के संयुक्त तत्वाधान में 22 फरवरी प्रात: 10 बजे से हार्ट चेकअप, कैंसर की बीमारी, स्त्री रोग विशेषज्ञ, न्यूयूरोफिजिशियन, दंत रोग चिकित्सक और अन्य चिकित्सा के नामी डॉक्टर निशुल्क रजिस्ट्रेशन पर तथा डॉक्टर द्वारा दी गई जांच पर 20 से 30% की छूट एवं पूरे वर्ष भर मिलने वाली छूट का लाभ हेतु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जांच की जानकारी लेकर रजिस्ट्रेशन 22 फरवरी के पहले होगा।

### अग्रवाल समाज में मोटापे एवं मधुमेह के मरीजों के लिए आयोजित होने वाले स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • शहर में पहली बार अपने अग्रवाल समाज के परिवारजनों को मोटापे और मधुमेह जैसी प्रचलित बीमारियों से समय रहते बचाने और आगाह करने के अनूठे संकल्प के साथ अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति, बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन एवं हेल्थ फॉर भारत फाउंडेशन द्वारा प्रस्तावित निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों के प्रति समाज बंधुओं में भी जागरूकता और चैतन्यता देखने को मिल रही है। मंगलवार को अन्नपूर्णा आश्रम पर समाज बंधुओं की एक बैठक में निर्णय लिया गया कि 21 और 22 फरवरी को अन्नपूर्णा आश्रम पर आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में समाज के ज्यादा से ज्यादा जरूरतमंद बंधुओं को आग्रह कर लाया जाए ताकि वे समय रहते इन दोनों बीमारियों से स्वयं का बचाव कर सकें। इस अभियान में अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति एवं हेल्थ फॉर भारत फाउंडेशन भी सहयोगी रहेंगे।

### 6,600 स्कूलों के युवा कलाकारों ने लिए प्रतियोगिता भाग

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** •नवनीत एज्युकेशन लिमिटेड के यूवा ने 'यूवा मास्टरस्ट्रोक' के अपने 22वें संस्करण के सफल आयोजन की घोषणा की है। यह एक अखिल भारतीय ड्रॉइंग प्रतियोगिता है, जिसका आयोजन अगस्त से दिसंबर के बीच किया गया। इस प्रतियोगिता के माध्यम से केजी से लेकर कक्षा 10 तक के विद्यार्थियों को ड्रॉइंग के ज़रिए अपनी रचनात्मकता, कल्पनाशीलता और विचारों को प्रभावी ढंग से व्यक्त करने का मंच मिलता है।दो दशक से अधिक पहले शुरू हुई यह पहल आज एक व्यापक रचनात्मक मंच के रूप में स्थापित हो चुकी है। 2025 संस्करण को देशभर से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। इसमें भारत के 6,600 से अधिक स्कूलों के 20 लाख से ज़्यादा विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। यह पहल केवल प्रतिभा को पहचान देने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य छात्रों के बीच ऐसी संस्कृति को बढ़ावा देना है, जहाँ वे कला की सार्वभौमिक भाषा के माध्यम से अपने विचारों और भावनाओं को सहज रूप से अभिव्यक्त कर।

# इंदौर-ग्वालियर समेत 22 जिलों में अलर्ट
# 2 सिस्टम के असर से प्रदेश में बदलेगा मौसम

**भोपाल (एजेंसी)** • मध्य प्रदेश के 22 जिलों में बुधवार को आंधी, बारिश और गरज-चमक का अलर्ट है। इनमें इंदौर, ग्वालियर-उज्जैन भी शामिल हैं। रतलाम जिले के अलग-अलग इलाकों में मंगलवार रात बारिश हुई है। 2 साइक्लोनिक सर्कुलेशन (चक्रवात) और एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) की वजह से मौसम बदलेगा। गुरुवार को भी ग्वालियर-चंबल में बारिश होने का अनुमान है। बुधवार को जिन जिलों में बारिश होने के आसार है, उनमें इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, धार, आलीराजपुर, झाबुआ, धार, रतलाम, शाजापुर, राजगढ़, आगर-मालवा, नीमच, मंदसौर, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, श्योपुर, मुरैना, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़ और छतरपुर शामिल हैं। भोपाल, बड़वानी, खरगोन, देवास, सीहोर, विदिशा, सागर, दमोह, पन्ना और सतना में बादल छाए रह सकते हैं। सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि दो साइक्लोनिक सर्कुलेशन और वेस्टर्न डिस्टरबेंस की वजह से मौसम बदलेगा। बुधवार को ज्यादा जिलों में असर देखने को मिलेगा। इस वजह से न्यूनतम तापमान में फिलहाल बढ़ोतरी देखने को



मिलेगी।

मौसम विभाग की माने तो गुरुवार को भी सिस्टम का असर देखने को मिलेगा। ग्वालियर, भिंड, दतिया, शिवपुरी, निवाड़ी, टीकमगढ़ और छतरपुर जिलों में गरज-चमक के साथ हल्की बारिश हो सकती है। इसके बाद सिस्टम कमजोर होगा। इस वजह से कहीं भी बारिश या गरज-चमक का अलर्ट नहीं है।

#### इंदौर में बारिश का ट्रेंड नहीं

फरवरी में इंदौर में बारिश होने का ट्रेंड नहीं है। 2014 और 2015 में बूंदाबांदी जरूर हुई थी। दूसरी ओर दिन में अधिकतम तापमान 30 डिग्री के पार ही रहता है। 2019 में तापमान 35 डिग्री दर्ज किया गया था। यहां रात में पारा 10 डिग्री के नीचे रहता है।

#### फरवरी में तीसरी बार बदलेगा मौसम

फरवरी के शुरुआत में ही प्रदेश में दो बार ओले, बारिश और आंधी का दौर रह चुका है। इससे फसलों को खासा नुकसान हुआ था। इसके बाद सरकार ने प्रभावित फसलों का सर्वे भी कराया था। 18 फरवरी से तीसरी बार प्रदेश भीगेगा।

#### अब रात में ही सर्दी का दौर

वर्तमान में प्रदेश में हल्की सर्दी का दौर ही जारी रहेगा। रात और सुबह के समय सर्दी रहेगी। ज्यादातर शहरों में रात का तापमान 10 डिग्री से ऊपर ही रहेगा। वहीं, रात में 30 डिग्री के पार पहुंच सकता है।

#### अगले 2 दिन ऐसा रहेगा मौसम

18 फरवरी- 22 जिलों में बारिश और गरज-चमक का अलर्ट है। कहीं-कहीं आंधी भी चल सकती है। रात के तापमान में भी बढ़ोतरी होगी।

19 फरवरी- ग्वालियर-चंबल के कुछ जिलों में सिस्टम का असर दिखाई देगा।

#### ग्वालियर में कड़ाके की ठंड

ग्वालियर में कड़ाके की ठंड का ट्रेंड रहता है। इसकी वजह यहां सीधे उत्तरी हवाएं आना है। 4 फरवरी 2018 की रात में न्यूनतम पारा रिकॉर्ड 1.9 डिग्री दर्ज किया गया था। साल 2019, 2022 और 2023 में न्यूनतम तापमान 3 डिग्री से नीचे ही रहा। पिछले साल ग्वालियर में बारिश भी हुई थी। इस बार यहां फरवरी के पहले ही दिन बारिश का दौर रहा है।

### आगे भी ऐसे ही बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया गया
# पुलिस टीम के 13 सदस्यों को मिला इनाम

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • आम नागरिकों के लिए बेहतर पुलिसिंग को ध्यान में रखते हुए इसके लिए अच्छे कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के उत्साहवर्धन हेतु साप्ताहिक पुरस्कार कार्यक्रम के अंतगर्त मंगलवार को पलासिया स्थित कार्यालय में पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट व सराहनीय कार्य करने वाले 13 पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र व नगद पुरुस्कार से सम्मानित कर बधाई दी और उन्हें आगे भी ऐसे ही बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त आरके सिंह सहित उपस्थित अन्य पुलिस अधिकारियों ने भी पुरुस्कृत पुलिसकर्मियों के कार्य की सराहना कर उनका हौसला बढ़ाया।

#### ये पुलिसकर्मी पुरस्कृत

उनि संजय धुर्वे, उनि शुभम पाण्डे, प्रआर कमलेश चावडा, चरणसिंह, आर सुखवेन्द्र, प्रमोद मावई, धर्मेंद्र ओझा, नागेंद्र सिंह,



रामकुमार त्यागी, जितेंद्र गोयल थाना बाणगंगा अंधे कत्ल का पर्दाफाश कर 2 आरोपियो को गिरफ्तार करने व घटना मे प्रयुक्त हथियार जप्त करने मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाने पर। मआर रानू थाना यातायात. यशवंत रोड चौराहे पर बेहतर यातायात प्रबंधन करने मे सराहनीय भूमिका निभाने पर। आर सुमंत सिंह कछावा थाना यातायात. सड़क सुरक्षा माह एवं ट्रैफिक प्रहरी अभियान के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने मे सराहनीय भूमिका निभाने पर। आर प्रदीप मनिहां थाना यातायात. नो एंट्री पांइट बिचोली अंडर ब्रिज पर बेहतर यातायात प्रबंधन करने मे सराहनीय भूमिका निभाने पर।

#### 4 ट्रैफिक प्रहरियों को शील्ड

सुगम, सुरक्षित व यातायात व्यवस्था हेतु पुलिस द्वारा ट्रैफिक प्रहरी अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान से शहर के जिम्मेदार व जागरूक नागरिक जुड़ भी रहे हैं जिन्हें प्रोत्साहित करने हेतु मंगलवार को पुलिस कमिश्नर ने बेहतर यातायात व्यवस्था में सराहनीय कार्य करने वाले उत्कृष्ट प्रहरी योगेश इंगले, शेखर पटवा, शैलेन्द्र सिंह, घनश्याम जाधव को शील्ड, प्रशस्ति पत्र, उपहार देकर सम्मानित किया गया।

### सॉलिटेयर ग्रुप के 35 युगलों ने अपनी मास्करेड थीम पार्टी में लिया ट्रैफिक नियमों के पालन का संकल्प

**दैनिक इंदौर संकेत**



**इंदौर** • शहर में जैन समाज के युवाओं की प्रतिष्ठित संस्था सॉलिटेयर ग्रुप द्वारा देवगुराडिया स्थित जैविक विलास रिसोर्ट पर मास्करेड थीम पर ग्रुप के 35 युगल सदस्यों ने रहस्य और रोमांच के साथ अनूठी और सुरुचिपूर्ण पार्टी का आयोजन किया। ऋषभ-प्राची कोठारी के संयोजन में सभी युगलों ने अनेक रोचक स्पर्धाओं में उत्साह के साथ अपनी भागीदारी दर्ज कराई। अर्पित और स्वीटी जैन ने नृत्य एवं अन्य स्पर्धाओं में विजेता का ख़िताब हासिल किया। ग्रुप के अर्पित-शिल्पा पामेचा, अमन-पायल जैन ने बताया कि विभिन्न रोमांचक गेम्स के पश्चात मास्करेड डांस में नकाबपोश युगलों ने लाइव म्यूजिक की मधुर धुनों पर थिरकते हुए साउंड हीलिंग और पूल जुम्बा के साथ अल सुबह तक आनंद लिया। इस दौरान गौरव-रिया, पराग-अंकिता सुराना, सौरभ-रितु बरबेटा, निखिल-नयन बोथरा, वैभव-परिधि एवं मयंक-रिशिका सहित सभी सदस्यों ने धूमधाम के साथ इस दावत का लुफ्त लिया। सुबह की शुरुआत साउंड हीलिंग और पूल जुम्बा सत्र के साथ हुई। इस यादगार जश्न में सभी युगल सदस्यों का उत्साह और जोश देखने लायक बना रहा। पार्टी का समापन यातायात नियमों का पालन करने और दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट तथा चार चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करने के संकल्प के साथ हुआ।

### शहर कांग्रेस कमेटी में स्थान न पाने वाले समर्पित कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देगा राजीव विकास केंद्र

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • राजीव विकास केंद्र द्वारा संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत मध्य प्रदेश एवं शहर जिलों में के साथ ही इंदौर जिला एवं इंदौर शहर में व्यापक संगठनात्मक विस्तार की घोषणा की गई है। प्रदेश राजीव विकास केंद्र अध्यक्ष एवं इंदौर शहर कांग्रेस के कार्यवाक अध्यक्ष देवेंद्र सिंह यादव ने बताया कि प्रदेश के शहर एवं जिला कांग्रेस कमेटी में विभिन्न कारणों से जो सक्रिय एवं समर्पित कार्यकर्ता पदाधिकारी नहीं बन पाएगे , उन्हें मध्य प्रदेश राजीव विकास केंद्र के माध्यम से संगठन में सम्मानजनक जिम्मेदारी प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती केवल शीर्ष पदों से नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर सक्रिय कार्यकर्ताओं की भागीदारी से होती है। ऐसे सभी कार्यकर्ताओं को, जिन्होंने वर्षों तक कांग्रेस की विचारधारा के लिए कार्य किया है, संगठनात्मक संरचना में उचित स्थान दिया जाएगा।

इसी उद्देश्य से मध्य प्रदेश एवं शहर जिला के साथ ही इंदौर शहर एवं जिला में 52 प्रकोष्ठों एवं विभागों का गठन किया जाएगा। एवं मध्य प्रदेश राजीव विकास केंद्र मे प्रदेश पदाधिअदिकारी एवं प्रदेश के शहर एवं जिलोमे पदाधिकारी बनाए जायेगे एवं साथ ही प्रकोष्ठों के माध्यम से समाज के हर वर्ग—युवा, महिला, किसान, मजदूर, व्यापारी, अल्पसंख्यक, अनुसूचित जाति-जनजाति, पिछड़ा वर्ग, प्रोफेशनल एवं आईटी वर्ग—को संगठित कर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत किया जाएगा।

देवेंद्र सिंह यादव ने स्पष्ट किया कि यह पहल किसी प्रतिस्पर्धा या समानांतर व्यवस्था के रूप में नहीं, बल्कि कांग्रेस पार्टी की मजबूती के साथ ही संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से की जा रही है। शहर कांग्रेस कमेटी के साथ समन्वय स्थापित करते हुए सभी कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका दी जाएगी।

### श्रीमद् भागवत कथा 24 फरवरी से होगी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • मां अहिल्या की नगरी इंदौर में विश्व ब्राह्मण संघ द्वारा भव्य श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 24 फरवरी से नीरज कृष्ण नयन महाराज के मुखारविंद से उषा नगर स्थित उषा राजे परिसर पर किया जा रहा है। इस सात दिवसीय आयोजन में भक्ति की धारा बहेगी। कथा के पहले दिन कलश यात्रा में निकलेगी। आयोजन प्रमुख श्रीमती जया मिलिंद तिवारी और संयोजक योगेंद्र महंत ने बताया कि सात दिवसीय श्रीमद् कथा की शुरुआत 24 फरवरी को कलश यात्रा के साथ होगी।

### भोजशाला विवाद इंदौर से मुख्यपीठ जबलपुर ट्रांसफर हुआ

**इंदौर** • धार स्थित भोजशाला परिसर विवाद मामले को मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ से जबलपुर प्रिंसिपल बेंच में ट्रांसफर कर दिया गया है। पूजा के अधिकार बनाम नमाज की अनुमति से जुड़े इस संवैधानिक प्रकरण पर आज बुधवार को चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा और जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच सुनवाई करेगी। संभावना है कि मामले की सुनवाई लंच के बाद होगी। दरअसल मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ में हिन्दू फ्रंट फॉर जस्टिस समेत अन्य पक्षों ने याचिका दायर की है।

सांध्य दैनिक इंदौर संकेत

## आपकी बात, इंदौर संकेत के साथ



डिजिटल रूप से लाखों पाठकों के साथ अपना नियमित संपर्क बनाते हुए दैनिक इंदौर संकेत अब एक नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आप भी अपने संस्थान, उत्पाद, संस्था का प्रचार-प्रसार दैनिक इंदौर संकेत के माध्यम से सकते हैं। इसके तहत आप चाहे प्रापर्टी व्यवसाय से जुड़े हैं या कोई बधाई संदेश देना है या जन्मदिन की शुभकामनाएं हो या कोई अन्य कैटेगरी में विज्ञापन देना चाहते हैं तो न्यूनतम दर पर प्रकाशित करने के लिए संपर्क कर सकते हैं। दैनिक इंदौर संकेत संवेदनापूर्ण संदेशों को लेकर अत्यंत संवेदनशील है। इसीलिए इस समाचार पत्र में शोक संदेश नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे।

कार्यालय का पता

5/6, राज मोहल्ला, महेश नगर,
गुरुद्वारे के सामने, इंदौर
संपर्क: 94250-64357, 94245-83000

### कनेक्ट-26 के बीच जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप के नए पदाधिकारियों की शपथ विधि सम्पन्न

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप, पीएम परिवार, इंदौर की नई कार्यकारिणी का शपथ विधि समारोह जिला पंचायत के सीईओ सिद्धार्थ जैन, समाजसेवी जयसिंह जैन, वरिष्ठ समाजसेवी पारसमल कटारिया एवं अशोक कुमार चौरड़िया के आतिथ्य में जीवन से जुड़े पांच अनूठे संकल्पों के साथ मेहता सभागृह में सम्पन्न हुआ। अतिथियों ने कनेक्ट - 26 के तहत पांच सूत्रों को अपनाने और अगले दो वर्षों के कार्यकाल में उन्हें मूर्त रूप देने की योजना की खुले मन से प्रशंसा की। अतिथियों ने कहा कि यह केवल शपथ विधि नहीं, समाज के लिए नई सोच, नई ऊर्जा और सकारात्मक दिशा का सशक्त



शुभारम्भ है। समारोह में ग्रुप के नए अध्यक्ष नवीन-वर्षा जैन ने अपने परिजनों की स्मृति में कैंसर ट्रस्ट को एक वैन के लिए एक लाख रुपए की सहायता राशि भी भेंट की। यह वैन गाँव-गाँव जाकर कैंसर मरीजों की जांच एवं उपचार में सहयोग करेगी।

### वीरांगना झलकारी बाई को इतिहास के पन्नों में वह स्थान नहीं जिसकी वे हकदार थी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • स्वतंत्रता संग्राम की अमर शहीद महान नायिका वीरांगना झलकारी बाई की प्रतिमा इन्दौर में स्थापित करने की मांग के चलते अखिल भारतीय वीरांगना झलकारी महासंघ एवं कोरी/कोली समाज महापंचायत के एक प्रतिनिधि मंडल ने समाज के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री नारायण प्रसाद कबीरपंथी के नेतृत्व में नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से भोपाल में मुलाकात कर महापौर द्वारा घोषित वीरांगना झलकारी बाई चौराहा का साइन बोर्ड लगाने एवं प्रतिमा लगाने की मांग की। महापौर के नाम लिखे स्मरण पत्र की एक प्रति विजयवर्गीय को सौंपते हुए कहा कि स्वतंत्रता आन्दोलन में वीरांगना झलकारी बाई का विशेष योगदान रहा।

## सम्पादकीय

### खाने की कीमत पूरी लेकिन थाली में भरोसे की कमी, रेलवे की सुविधाएं और दावे पर चिंता

खुद सरकार ने पिछले वर्ष जुलाई में राज्यसभा में एक प्रश्न के उत्तर में बताया था कि 2024-25 के दौरान खाने-पीने के सामान की खराब गुणवत्ता के संबंध में 6,645 शिकायतें मिलीं। जबकि 2021 से अगले चार वर्षों में रेलवे को इस तरह की कुल 19,174 शिकायतें मिलीं। भारतीय रेलवे के बारे में अक्सर यह दावा किया जाता है कि इसके समग्र संचालन को अंतरराष्ट्रीय स्तर की सेवा के समकक्ष बनाया जाएगा। मगर हकीकत यह है कि हादसों, सफर के दौरान निर्धारित समय पर गंतव्य तक सुरक्षित पहुंचने से लेकर ट्रेन के भीतर साफ-सफाई और खानपान के मामले में कई बार स्थिति बेहद दयनीय और खराब दिखती है। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि जिन ट्रेनों को विशेष सुविधा वाला बताया जाता है, उनमें परोसा गया भोजन भी अक्सर खराब निकल जाता है और यात्री ठगे-से रह जाते हैं। खबरों के मुताबिक, हर रोज पैंतीस से ज्यादा लोग रेलवे के खराब खाने को लेकर शिकायत करते हैं। खाने में तिलचट्टा, दूसरे कीड़ों या अखाद्य वस्तुओं के मिलने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। साथ ही, भोजन की मात्रा और तय कीमतों से ज्यादा राशि वसूलने की समस्या भी आम देखी जा सकती है। सवाल है कि अगर उच्च गुणवत्ता और सेवा का दावा करके खाने-पीने के मामले में भी लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है, तो उसे कैसे देखा जाएगा। सफर के दौरान यात्री थोड़ी सुविधा के लिए ट्रेन में मिलने वाला खाना पैसा चुका कर लेना चाहते हैं। कई ट्रेनों में सफर के दौरान टिकट के साथ खाने-पीने के सामान के लिए राशि चुकाने का भी विकल्प है। मगर विडंबना यह है कि पूरी कीमत चुकाने के बावजूद कई लोगों की थाली में ऐसा खाना होता है, जिसे खाया नहीं जा सकता। ट्रेनों में मिलने वाले खराब खाने को लेकर आए दिन शिकायतें आती रहती हैं और कई बार विवाद भी होते हैं। ऐसी खबरें भी सामने आई, जिनमें भोजन के खराब होने पर आपत्ति जताने पर ट्रेन में मौजूद कर्मियों ने यात्री से दुर्व्यवहार किया। खुद सरकार ने पिछले वर्ष जुलाई में राज्यसभा में एक प्रश्न के उत्तर में बताया था कि 2024-25 के दौरान खाने-पीने के सामान की खराब गुणवत्ता के संबंध में 6,645 शिकायतें मिलीं। जबकि 2021 से अगले चार वर्षों में रेलवे को इस तरह की कुल 19,174 शिकायतें मिलीं।

# सत्ता, सेवा और समाज के त्रिकोण में हिंदुत्व की भूमिका

### हिंदुत्व का अगला अध्याय: बदलाव, संवाद और समावेश

### हिंदुत्व शताब्दी: परंपरा से परिवर्तन की ओर बढ़ता विचार



सौ वर्षों की यात्रा केवल समय की गणना नहीं होती, बल्कि वह विचारों की साधना, संघर्षों की तपस्या और आत्ममंथन की निरंतर प्रक्रिया होती है। हिंदुत्व की शताब्दी भी इसी ऐतिहासिक चेतना की प्रतीक है, जहां अतीत की स्मृतियां, वर्तमान की चुनौतियां और भविष्य की आकांक्षाएं एक-दूसरे में घुलकर नई दिशा रचती हैं। 27 सितंबर 1925 को नागपुर में केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा स्थापित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आज केवल एक संगठन नहीं, बल्कि भारतीय समाज की आत्मा से जुड़ा एक व्यापक सांस्कृतिक आंदोलन बन चुका है। एक सदी बाद यह आंदोलन स्वयं से प्रश्न कर रहा है—क्या उसकी वैचारिक दिशा समय के अनुरूप विकसित हो पाई है, या उसे नए संदर्भों में पुनर्परिभाषित करना आवश्यक है? यह शताब्दी केवल उत्सव का अवसर नहीं, बल्कि आत्मनिरीक्षण, पुनर्संयोजन और नवसृजन का ऐतिहासिक क्षण है, जहां हिंदुत्व अपनी नई पहचान को गढ़ने की प्रक्रिया में दिखाई देता है।

शताब्दी वर्ष में सरसंघचालक मोहन भागवत के विचार इस वैचारिक परिवर्तन की धुरी बनकर उभरे हैं। उनके भाषणों में हिंदुत्व को संकीर्ण धार्मिक दायरों से मुक्त कर एक व्यापक, समावेशी और मानवीय सांस्कृतिक चेतना के रूप में प्रस्तुत किया गया है। वे स्पष्ट करते हैं कि हिंदू होना किसी पूजा-पद्धति तक सीमित नहीं, बल्कि वह एक सभ्यतागत स्वभाव है, जो भारत की विविधता को एक सूत्र में बांधता है। मुस्लिम, ईसाई या सिख—जो भी इस भूमि की साझा विरासत पर गर्व करता है, वह इस परंपरा का अभिन्न अंग है। यह दृष्टिकोण पुराने टकरावपूर्ण नैरेटिव से अलग एक नए संवादात्मक युग की घोषणा करता है, जहां सहअस्तित्व, सहयोग और सम्मान को प्राथमिकता दी जाती है। यही कारण है कि युवा पीढ़ी इस विचारधारा से जुड़ाव महसूस कर रही है और इसे भविष्य की राह के रूप में देख रही है। री-कैलिब्रेशन की यह प्रक्रिया तब और अधिक स्पष्ट होती है, जब संघ 'पंच परिवर्तन' जैसे अभियानों के माध्यम से सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण और नागरिक कर्तव्यों को केंद्र में लाता है। जब भागवत जी भीमराव अंबेडकर के करुणा, पवित्रता और अनुशासन के विचारों का उल्लेख करते हैं, तो हिंदुत्व लोकतांत्रिक और मानवीय मूल्यों से जुड़ता हुआ दिखाई देता है। यह दृष्टि युवाओं को यह सिखाती है कि राष्ट्रवाद केवल भावनात्मक नारों का विषय नहीं, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व और नैतिक आचरण की मांग करता है। आज की पीढ़ी इस सोच को डिजिटल मंचों, स्टार्टअप संस्कृति, स्वदेशी नवाचार और पर्यावरणीय आंदोलनों से जोड़ रही है। परिणामस्वरूप, हिंदुत्व एक आधुनिक, सक्रिय और रचनात्मक पहचान के रूप में उभर रहा है, जो परंपरा और प्रगति के बीच संतुलन स्थापित करने का प्रयास करता है।

फिर भी, यह वैचारिक परिवर्तन बिना सवालों और शंकाओं के नहीं है। आलोचक लगातार पूछते हैं कि क्या यह बदलाव वास्तव में आत्ममंथन का परिणाम है, या केवल समय के अनुरूप अपनाई गई एक रणनीति? क्या हिंदुत्व अपने प्रारंभिक चिंतकों जैसे विनायक दामोदर सावरकर और एम. एस. गोलवलकर की वैचारिक परंपरा से सचमुच आगे निकल पाया है, या केवल उसकी भाषा और प्रस्तुति बदली गई है? इन जटिल प्रश्नों के बीच मोहन भागवत की संवाद, मेल-मिलाप और विश्वास की अपील विशेष महत्व रखती है। वे स्वीकार करते हैं कि इतिहास ने समाज को गहरे घाव दिए हैं, लेकिन उन्हें भरने का रास्ता टकराव नहीं, बल्कि आपसी समझ और धैर्य से होकर जाता है। यह स्पष्टता हिंदुत्व को एक आत्मविश्वासी, परिपक्व और जिम्मेदार विचारधारा के रूप में स्थापित करने का प्रयास प्रतीत होती है। समाज में उभरते नए नैरेटिव इस परिवर्तन को और अधिक मजबूती प्रदान कर रहे हैं। आज हिंदुत्व धीरे-धीरे किसी एक जाति, वर्ग या समुदाय की पहचान से ऊपर उठकर सामाजिक एकता और सामूहिक चेतना का प्रतीक बनने की कोशिश कर रहा है। सेवा भारती, ग्राम विकास योजनाएं और शिक्षा अभियान इस दिशा में ठोस उदाहरण हैं, जहां सेवा को विचारधारा से जोड़ा गया है। युवा इन पहलों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं और राष्ट्र निर्माण को केवल राजनीतिक सत्ता तक सीमित नहीं रखते, बल्कि समाज के हर स्तर से जोड़कर देखते हैं। उनके लिए हिंदुत्व अब मंदिर-मस्जिद की बहसों से आगे बढ़कर रोजगार सृजन, पर्यावरण संरक्षण और तकनीकी आत्मनिर्भरता का व्यापक मंच बन चुका है, जो इसे एक जीवंत सामाजिक आंदोलन का स्वरूप देता है।

डिजिटल युग में यह विचारधारा और भी नए रूपों में सामने आ रही है। सोशल मीडिया, पॉडकास्ट, ब्लॉग और ऑनलाइन अभियानों के माध्यम से युवा अपनी सांस्कृतिक पहचान को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत कर रहे हैं। वे स्वदेशी उत्पादों, हरित ऊर्जा और भारतीय ज्ञान-परंपरा को आधुनिक संदर्भों से जोड़कर एक नए राष्ट्रवादी विमर्श का निर्माण कर रहे हैं। हालांकि, इसके साथ-साथ इस्लामोफोबिया, असहिष्णुता और जातीय श्रेष्ठता जैसे आरोप भी उभरते हैं, जो इस आंदोलन की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लगाते हैं। संघ नेतृत्व इन प्रवृत्तियों से स्वयं को अलग रखते हुए सेवा, अनुशासन और समावेश पर निरंतर जोर देता है। इससे यह संदेश जाता है कि पुनर्संयोजन केवल भाषणों और नारों तक सीमित नहीं, बल्कि व्यवहार, सोच और सामाजिक आचरण में भी स्पष्ट रूप से दिखाई देना चाहिए।

वैश्विक मंच पर हिंदुत्व को कई बार फार-राइट आंदोलन के चश्मे से देखा जाता है, किंतु भारत के भीतर यह स्वयं को राष्ट्र निर्माण की एक जीवंत प्रयोगशाला के रूप में स्थापित करने का प्रयास कर रहा है। शिक्षा में भारतीय दृष्टिकोण का पुनर्स्थापन, ग्रामोदय की अवधारणा, स्वदेशी अर्थव्यवस्था का विस्तार और सांस्कृतिक कूटनीति के नए प्रयोग इसके उभरते आयाम हैं। इन सभी प्रयासों के केंद्र में युवा शक्ति खड़ी है, जिनकी ऊर्जा, तकनीकी दक्षता और नवाचारशीलता इस विचारधारा को भविष्य की दिशा में ले जा रही है। यही वह संक्रमणकाल है, जो तय करेगा कि हिंदुत्व एक सीमित और बंद विचार-प्रणाली बनकर रह जाएगा या एक खुला, संवादशील और वैश्विक समाधान प्रस्तुत करने वाला व्यापक दर्शन के रूप में विकसित होगा।

हिंदुत्व की शताब्दी एक ऐतिहासिक मोड़ का प्रतीक बनकर सामने आती है। यह वह क्षण है, जहां अतीत की विरासत और भविष्य की आकांक्षाएं आमने-सामने खड़ी होकर नई दिशा की मांग कर रही हैं। यदि समावेश, संवाद और सेवा को वास्तव में इस विचारधारा का केंद्र बनाया गया, तो हिंदुत्व विविधता में एकता का सशक्त और प्रेरक उदाहरण बन सकता है। किंतु यदि पुराने विभाजन, संकीर्णता और अविश्वास हावी रहे, तो यह ऐतिहासिक अवसर हाथ से निकल भी सकता है। युवाओं की भागीदारी, नेतृत्व क्षमता और वैचारिक परिपक्वता इस प्रक्रिया में निर्णायक भूमिका निभाएगी। संभवतः यही इस शताब्दी का सबसे बड़ा संदेश है—कि हिंदुत्व स्वयं को नए सिरे से गढ़ रहा है, और उसका भविष्य इस बात पर निर्भर करेगा कि वह अपने पुनर्संयोजन को कितनी ईमानदारी, संवेदनशीलता और दूरदृष्टि के साथ अपनाता है।

**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'**, बड़वानी (मप्र)

## आंचलिक

# पुलिस और आबकारी अफसर अवैध शराब बिकवा रहे: कांग्रेस

**दैनिक इंदौर संकेत**



**खरगोन** • जिला कांग्रेस अध्यक्ष रवि नाईक ने आबकारी विभाग पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि आबकारी विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से जिले में खुलेआम अवैध शराब बेची जा रही है। मंगलवार दोपहर उन्होंने कलेक्टर से मुलाकात कर अवैध शराब की बिक्री पर तत्काल रोक लगाने की मांग की और ऐसा न होने पर महिलाओं के साथ आंदोलन करने की चेतावनी दी। नाईक ने आरोप लगाया कि जिले के गांवों में ठेकेदार आबकारी विभाग के संरक्षण में अपने एजेंटों के माध्यम से खुलेआम अवैध शराब बेच रहे हैं। इसके अलावा, होटल और ढाबों पर भी अवैध शराब का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। उन्होंने दावा किया कि आबकारी विभाग, पुलिस विभाग और ठेकेदार इस अवैध कारोबार से करोड़ों रुपये कमा रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने बताया कि जिलेभर से महिलाएं अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने की मांग को लेकर खरगोन पहुंचती हैं। अधिकारी उनकी बात सुनते तो हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की जाती। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर इन महिलाओं की सुनवाई क्यों नहीं हो रही और जिले में अवैध शराब पर रोक क्यों नहीं लग रही है। रवि नाईक ने मांग की है कि इस अवैध कारोबार पर तत्काल रोक लगाई जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कार्रवाई नहीं हुई, तो कांग्रेस पीड़ित महिलाओं के साथ मिलकर एक बड़ा आंदोलन करेगी।

## राकेश कांग्रेस में प्रदेश महासचिव बने

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बुरहानपुर** • मध्यप्रदेश आदिवासी कांग्रेस कमेटी ने मंगलवार को राकेश सोलंकी को प्रदेश महासचिव नियुक्त किया है। यह नियुक्ति राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रांत भूरिया की सहमति से प्रदेश अध्यक्ष रामू टेकाम ने की। वर्तमान में राकेश सोलंकी बुरहानपुर जिले की खकनार जनपद पंचायत के अध्यक्ष हैं। उन्होंने भाजपा के सांसद और विधायक होने के बावजूद जिले में जीत हासिल की थी। सोलंकी ने अपनी सादगी और व्यवहार कुशलता से कांग्रेस में अपनी अलग पहचान बनाई है। जनपद अध्यक्ष रहते हुए उन्होंने खकनार में विकास कार्यों को गति दी और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का काम किया। वे बुरहानपुर जिले में आदिवासियों के बीच कांग्रेस को मजबूत करने में सक्रिय रहे हैं। संगठन ने उनकी कार्यक्षमता को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है। कांग्रेस पार्टी उनकी कार्यशैली और क्षमता का उपयोग कर आदिवासियों को संगठन से फिर से जोड़कर अपनी स्थिति मजबूत करना चाहती है। यह नियुक्ति प्रदेश से लेकर जिले तक जमीनी स्तर के नेताओं को संगठन में नई भूमिकाएं देने की रणनीति का हिस्सा है।

# बिना लाइट वाले ट्रैक्टर ने बाइक सवार को रौंदा, मौके पर हुई मौत

**दैनिक इंदौर संकेत**



**खंडवा** • जिले के खालवा थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। खार और राजपुरा गांव के बीच बिना लाइट वाले तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में राजपुरा निवासी रामानंद (35) पिता ज्ञानसिंह की मौके पर ही जान चली गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए खालवा अस्पताल भिजवाया है। पुलिस के मुताबिक, रामानंद बाइक से खार से अपने गांव राजपुरा लौट रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे एक ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर में लाइट नहीं थी और चालक उसे तेज रफ्तार में चला रहा था।

### सिर में गंभीर चोट लगने से मौत

टक्कर इतनी भीषण थी कि रामानंद बाइक समेत सड़क पर गिर पड़े। उनके सिर में गंभीर चोट आई, जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर खालवा थाना पुलिस मौके पर पहुंची।

### ट्रैक्टर पर नंबर नहीं, ड्राइवर की तलाश

पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है, जिस पर नंबर भी अंकित नहीं था। फरार चालक की तलाश की जा रही है। शव का पोस्टमार्टम आज मंगलवार सुबह होगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बादलों से बढ़ी किसानों की चिंता, पश्चिमी विक्षोभ का असर, तापमान में उतार-चढ़ाव और मावठे की आशंका

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** • मौसम में बदलाव देखा जा रहा है। मंगलवार सुबह से आसमान में बादल छाए हुए हैं। पश्चिमी विक्षोभ के असर से पिछले तीन दिनों से अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस से ऊपर बना हुआ था। मंगलवार को न्यूनतम तापमान 1 डिग्री गिरकर 14.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

जिले में 3.10 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में गेहूं और चने की फसल बोई गई है, जो अब पकने की स्थिति में है। आसमान में बादलों के छाए रहने से किसानों को असामयिक बारिश (मावठा) के कारण फसल को नुकसान पहुंचने की आशंका है, जिससे उनकी चिंता बढ़ गई है।

किसान भाव सिंह वास्कले ने बताया कि चने की फसल कटाई के लिए तैयार है, जबकि गेहूं में अंतिम चरण की सिंचाई चल रही है। उन्होंने यह भी बताया कि पिछले पांच-छह दिनों से दिन के तापमान में लगातार वृद्धि के कारण गेहूं की बालियां तेजी से पीली पड़ने लगी हैं।

### निमाड़ क्षेत्र में गर्मी बढ़ी

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, ये बादल पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से छाए हुए हैं। प्रदेश के उत्तरी हिस्सों में बारिश की संभावना है। इस विक्षोभ के कारण निमाड़ क्षेत्र में गर्मी बढ़ी है। वैज्ञानिकों ने यह भी बताया कि बादल छंटने के बाद एक बार फिर तापमान में वृद्धि होने और गर्मी बढ़ने की संभावना है।

पिछले 15 दिनों में दिन और रात के तापमान में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। 15 दिन पहले अधिकतम तापमान 30.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 12.2 डिग्री सेल्सियस था। यह बढ़कर क्रमशः 34.4 डिग्री सेल्सियस और 15.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है।

# 200 से ज्यादा स्कूलों को नोटिस, अनिवार्य पुस्तकों की सूची डीईओ को नहीं भेजी; कलेक्टर के आदेश का उल्लंघन

**दैनिक इंदौर संकेत**




**खंडवा** • जिले के निजी स्कूलों ने अनिवार्य पुस्तकों की सूची तय समय पर जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) कार्यालय में जमा नहीं कराई। जिसे लेकर प्रशासन ने सख्ती दिखाई है। यह कलेक्टर व जिला दंडाधिकारी के आदेश का उल्लंघन माना गया हैं। ऐसे 200 स्कूल हैं, जिन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। बता दें कि, पिछले महीने कलेक्टर ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा-163 के तहत आदेश जारी कर निजी स्कूल संचालकों, प्रकाशकों और पुस्तक विक्रेताओं की एकाधिकार प्रवृत्ति पर रोक लगाने के निर्देश दिए थे। आदेश के अनुसार जिले के सभी प्राइवेट स्कूलों के संचालक एवं प्राचार्यों को अपने-अपने विद्यालय में संचालित प्रत्येक कक्षा की अनिवार्य पुस्तकों की सूची 9 फरवरी तक डीईओ कार्यालय, खंडवा में जमा कराना अनिवार्य था।

जिला शिक्षा अधिकारी प्यारसिंह सोलंकी के मुताबिक, अभिभावकों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ रोकने और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए यह कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर ऋषव गुप्ता द्वारा पूर्व में जारी आदेश के बावजूद 200 से अधिक स्कूलों ने अनिवार्य पुस्तकों की सूची प्रस्तुत नहीं की, जिसके बाद संबंधित स्कूलों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। इनके द्वारा निर्धारित समय सीमा का पालन नहीं किया गया हैं। अब आगे नोटिस का संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### 200 स्कूलों में यह प्रमुख स्कूल भी शामिल

नोटिस प्राप्त करने वाले 200 स्कूलों में से कुछ प्रमुख स्कूलों के नाम शिक्षा विभाग ने जारी किए हैं। इनमें बेंस पब्लिक स्कूल, सरस्वती शिशु मंदिर आनंदनगर, दिव्य ज्योति पब्लिक स्कूल, महेशी विद्या मंदिर, रेनबो किड्स स्कूल, वैदिक गुरूकुलम, सरस्वती शिशु मंदिर वैकुंठनगर, एंजेल्स प्लेनेट स्कूल, कार्मेल कॉन्वेंट स्कूल, क्रिशेंट पब्लिक स्कूल, बालाजी कॉन्वेंट स्कूल, स्कॉलर डेन स्कूल व सेंट पाल स्कूल शामिल हैं।

# ‘इंडियन स्पोर्ट्सवुमन ऑफ द ईयर 2025’ बनीं स्मृति

**नई दिल्ली (एजेंसी)** • वर्ल्ड कप जीतने वाली क्रिकेटर स्मृति मंधाना को भारत के लिए उनके शानदार प्रदर्शन के बाद 2025 के लिए बीबीसी इंडियन स्पोर्ट्सवुमन ऑफ द ईयर चुना गया। 29 साल की मंधाना ने आईसीसी महिला वर्ल्ड कप जीतने में भारत की वाइस-कैप्टन के तौर पर अहम भूमिका निभाई थी, उन्होंने टूर्नामेंट के दौरान 434 रन बनाए थे। इस सम्मान के लिए भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर, शतरंज चैंपियन दिव्या देशमुख, शूटर सुरुचि सिंह और हर्डलर ज्योति याराजी को भी नॉमिनेट किया गया था। अवार्ड लेते हुए, मंधाना ने इसे महिला क्रिकेट के लिए एक यादगार दौर बताया।

उन्होंने कहा, ‘यह एक खास साल रहा है। बीबीसी, मुझे बेस्ट स्पोर्ट्सवुमन ऑफ द ईयर का अवॉर्ड देने के लिए धन्यवाद।’ ‘मुझे खुशी है कि मैं योगदान दे सकी और भारत को मैच जीतने में मदद कर सकी।’ मंधाना को



एक जूरी ने चुना था जिसमें पूर्व टेनिस स्टार लिएंडर पेस, पैरालंपिक मेडलिस्ट दीपा मलिक और लॉन्ग जम्पर अंजू बॉबी जॉर्ज शामिल थीं। उन्होंने 16 साल की उम्र में इंडिया के लिए डेब्यू किया था और सभी फॉर्मेट में 17 इंटरनेशनल सेंचुरी बनाई हैं, जिससे उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की मेग लैनिंग के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। मंधाना ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के साथ दो विमेंस प्रीमियर लीग टाइटल भी जीते हैं। दूसरे अवॉर्ड विनर्स में, दिव्या देशमुख को 20 साल की उम्र में विमेंस वर्ल्ड कप जीतने के बाद एमर्जिंग प्लेयर ऑफ द ईयर चुना गया। पैरा-एथलीट प्रीति पाल को 2025 वर्ल्ड चैंपियनशिप में दो मेडल जीतने के बाद बीबीसी पैरा स्पोर्ट्सवुमैन ऑफ द ईयर अवॉर्ड मिला, जबकि पूर्व शूटर अंजलि भागवत को इंडियन शूटिंग में उनके योगदान के लिए बीबीसी लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। सिडनी 2000 में, अंजलि ओलंपिक फाइनल में पहुंचने वाली पहली महिला इंडियन शूटर बनीं। उन्होंने चार कॉमनवेल्थ गेम्स गोल्ड मेडल भी जीते, जिसमें मैनचेस्टर में 2002 गेम्स में दो इंडिविजुअल टाइटल शामिल हैं।



# फिल्म ‘तू या मैं’ में स्कूबा इंस्ट्रक्टर की भूमिका में पार्वती ने जीता दिल

**मुंबई (एजेंसी)** • अभिनेत्री पार्वती तिरुवोथु हाल ही में रिलीज हुई फिल्म तू या मैं में छोटी लेकिन बेहद प्रभावशाली मौजूदगी के साथ दर्शकों पर गहरी छाप छोडी। फिल्मों में अपने दमदार अभिनय से खास पहचान बनाने वाली नेशनल अवॉर्ड विजेता यह अभिनेत्री फिल्ममेकर बेजॉय नाम्बियार की इस फिल्म में एक स्कूबा इंस्ट्रक्टर के रूप में दिखाई देती हैं और उनका किरदार कहानी के भावनात्मक संतुलन को थामे रखने वाली अहम कड़ी बन जाता है। फिल्म में पार्वती की एंट्री उस वक्त होती है, जब शानाया कपूर द्वारा निभाया गया मुख्य पात्र अपने जीवन के एक नाजुक मोड़ से गुजर रहा होता है। दोनों किरदारों के बीच होने वाली बातचीत बेहद संजीदगी, नर्मी और गर्मजोशी से भरी है, जो शानाया के किरदार का एक कोमल और गहराई वाला पक्ष सामने लाती है। यह संवाद फिल्म की भावनात्मक नींव को मजबूती देता है और कहानी को आगे बढ़ाने में निर्णायक भूमिका निभाता है। भले ही फिल्म में पार्वती का रोल स्पेशल अपीयरेंस के रूप में है, लेकिन उनकी क्षमताएं और प्रभावशाली स्क्रीन प्रेज़ेंस उन्हें फिल्म के सबसे यादगार पहलुओं में शामिल कर देती हैं। पार्वती तिरुवोथु हमेशा से सार्थक और गहराई वाले किरदार चुनने के लिए जानी जाती हैं, और इस फिल्म में भी उनका वही चयनबोध स्पष्ट नज़र आता है। बेजॉय नाम्बियार के साथ उनका सहयोग न सिर्फ फिल्म की कहानी में परतें जोड़ता है, बल्कि दर्शाता है कि दोनों कलाकारों की संवेदनशील नैरेटिव में समान रुचि है।

# टी20 विश्वकप में आज नीदरलैंड पर जीत के इरादे से उतरेगी भारतीय टीम

**अहमदाबाद(एजेंसी)** • भारतीय टीम ने टी-20 विश्व कप 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए सुपर-8 चरण के लिए क्वॉलिफाई कर लिया है। टीम इंडिया ने ग्रुप स्टेज में लगातार अपने तीनों मुकाबले जीतकर अंक तालिका में मजबूत स्थिति बनाई। पिछले रविवार को खेले गए हाईवोल्टेज मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को 61 रन से हराकर अपनी दावेदारी और मजबूत कर दी। अब भारत का अगला मुकाबला नीदरलैंड के खिलाफ बुधवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। नीदरलैंड की टीम टूर्नामेंट से बाहर होने की कगार पर है, ऐसे में इस मैच का महत्व दोनों टीमों के लिए अलग-अलग कारणों से खास रहेगा। भारतीय टीम प्रबंधन इस मुकाबले में कुछ खिलाड़ियों को आराम दे सकता है। लगातार मैच खेलने के कारण प्रमुख खिलाड़ियों का वर्कलोड भी ध्यान में रखा जा रहा है। ऐसे में बेंच पर बैठे खिलाड़ियों को मौका मिलने की संभावना बढ़ गई है। इसी क्रम में स्टार ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर की वापसी पर भी नजरें टिकी हैं, जो अभी तक इस टूर्नामेंट में प्लेइंग इलेवन का हिस्सा नहीं बन पाए हैं। वॉशिंगटन सुंदर वडोदरा में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे के दौरान साइड स्ट्रेन का शिकार हो गए थे। इस चोट के कारण वह लंबे समय तक मैदान से दूर रहे और टूर्नामेंट शुरू होने तक पूरी तरह फिट नहीं हो सके।





कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पहले संकेत दिए थे कि सुंदर नामीबिया के खिलाफ मुकाबले के लिए चयन के उपलब्ध रहेंगे, लेकिन उस मैच में भी उन्हें मौका नहीं मिल सका। वहीं, अक्षर पटेल ने अमरीका के खिलाफ मुकाबले में शानदार गेंदबाजी करते हुए 24 रन देकर दो विकेट लिए थे और टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। अक्षर पटेल और वरुण चक्रवर्ती के रहते तीसरे स्पिनर की जरूरत कम ही पड़ती है, यही वजह है कि फिट होने के बावजूद वॉशिंगटन को अंतिम एकादश में जगह नहीं मिल पाई। संभावना है कि हार्दिक पांड्या या शिवम दुबे में से किसी एक को आराम दिया जाए और वॉशिंगटन सुंदर को मौका मिले। नीदरलैंड के खिलाफ होने वाला मुकाबला भारत के लिए जहां तैयारी को मजबूत करने का अवसर होगा, वहीं कुछ खिलाड़ियों के लिए खुद को साबित करने का भी बड़ा मंच साबित हो सकता है। अब देखना दिलचस्प होगा कि टीम प्रबंधन अंतिम एकादश में किस तरह के बदलाव करता है।

# फिल्म ‘अल्फा’ की शूटिंग के दौरान आलिया-बॉबी में विवाद





**मुंबई (एजेंसी)** • फिल्म अल्फा के सेट पर आलिया भट्ट और एक्टर बॉबी देओल के बीच क्रिएटिव मतभेद को लेकर तनाव पैदा होने की खबर है। हालांकि इस बारे में दोनों कलाकारों या निर्माता की तरफ से कोई आधिकारिक बयान अभी तक नहीं आया है। सूत्रों का दावा है कि शूटिंग के दौरान आलिया भट्ट अक्सर अपने सीन के साथ-साथ बॉबी देओल के सीन पर भी सुझाव दे रही थीं। बताया जा रहा है कि बॉबी देओल ने इस रवैये पर आपत्ति जताई, जिसके बाद स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि फिल्म के प्रोड्यूसर आदित्य चोपड़ा को सेट पर हस्तक्षेप करना पड़ा। तनाव बढ़ने के बावजूद शूटिंग को बिना बाधा के पूरा करने की कोशिशें जारी रखी गईं। इस बीच, फिल्म की रिलीज़ पर भी अनिश्चितता के बादल मंडरा रहे हैं।

## उज्जैन संभाग

# सांसद ने कमिश्नर को मौके पर बुलाया, कॉलोनियों में जलभराव-सड़क समस्या का निरीक्षण

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • सांसद अनिल फिरोजिया ने इंदौर रोड स्थित महेश विहार, वृंदावन धाम, दीप्ति विहार और तृप्ति विहार सहित कई कॉलोनियों में जलभराव और खराब सड़कों की समस्या का निरीक्षण किया। जनता की शिकायतों के बाद सांसद ने नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा को मौके पर बुलाया। इन कॉलोनियों के रहवासी लंबे समय से जलभराव, सीवरेज की समस्या और जर्जर सड़कों से परेशान हैं। बारिश के दौरान नालियों और सीवरेज लाइनों का पानी घरों में घुस जाता है, जिससे निवासियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

क्षेत्रीय नागरिकों ने सांसद अनिल फिरोजिया को बताया कि सड़कों का स्तर कहीं ऊंचा और



कहीं नीचा होने तथा नालियों की उचित निकासी न होने के कारण पानी सीधे घरों में प्रवेश कर जाता है। कई स्थानों पर नालियां अधूरी हैं और अधिकांश जगहों पर ब्लॉकेज की समस्या है, जिससे रुके हुए पानी से बीमारियों का खतरा भी बना हुआ है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए, सांसद ने तत्काल नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा को बुलाया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने भी स्वीकार किया कि सिविल सिस्टम में खामियां हैं और इन्हें ठीक किया जाएगा। उन्होंने जल्द ही कार्ययोजना बनाकर नालियों की सफाई, नई निकासी व्यवस्था और सड़कों के सुधार का आश्वासन दिया। स्थानीय रहवासी कश्मीरा मुदलियार ने बताया कि बारिश में हालात बदतर हो जाते हैं। घरों में पानी भरने से मेहमानों को भी परेशानी होती है। सड़कों पर गड्ढों और जलभराव के कारण लोग गिरते हैं और दुर्घटनाएं होती हैं।सांसद फिरोजिया ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नागरिकों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण प्रदान करना प्राथमिकता है। उन्होंने सभी कॉलोनियों की समस्याओं का स्थायी समाधान शीघ्र करने पर जोर दिया। इस संबंध में नगर निगम कमिश्नर अभिलाष मिश्रा से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे बात नहीं हो पाई।

# पुलिस पेंशनर्स संघ ने किया प्रदर्शन, महंगाई राहत-स्वास्थ्य बीमा लागू करने की मांग

**दैनिक इंदौर संकेत**

**आगर - मालवा** • पुलिस पेंशनर्स संघ की जिला इकाई ने मंगलवार को मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। इसमें लंबित तीन प्रतिशत महंगाई राहत और प्रस्तावित स्वास्थ्य बीमा योजना को तत्काल लागू करने की मांग की गई। यह ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर कमल मंडलोई को सौंपा गया। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रदेश के लगभग 5 लाख 50 हजार पेंशनर्स को अभी तक केंद्र सरकार के समान महंगाई राहत नहीं मिल पाई है। केंद्र सरकार ने 1 जुलाई 2025 से अपने पेंशनर्स के लिए महंगाई राहत में तीन प्रतिशत की वृद्धि कर इसे कुल 58 प्रतिशत कर दिया है, लेकिन मध्य प्रदेश में यह वृद्धि अभी भी लंबित है। पेंशनर्स का कहना है कि इस विलंब के कारण उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने लंबित तीन प्रतिशत महंगाई राहत को तत्काल स्वीकृत करने की मांग की है।




इसके अतिरिक्त, संघ ने प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तावित स्वास्थ्य बीमा योजना को भी शीघ्र लागू करने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि इस योजना के तहत पेंशनर्स से प्रीमियम राशि लेकर 10 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा कवरेज देने पर विचार किया गया था। इसे कैबिनेट से स्वीकृति दिलाकर लागू करने की बात कही गई थी। पेंशनर्स के अनुसार, वृद्धावस्था में विभिन्न बीमारियों के उपचार के लिए ऐसी योजना अत्यंत आवश्यक है, जो उन्हें चिकित्सीय सुरक्षा प्रदान कर सके। संघ ने मुख्यमंत्री से अपील की है कि लंबित महंगाई राहत और स्वास्थ्य बीमा योजना को तुरंत लागू किया जाए, ताकि पेंशनर्स को आर्थिक और चिकित्सीय सुरक्षा मिल सके। ज्ञापन सौंपते समय संघ के बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित थे।

# सड़क चौड़ीकरण के दौरान जेसीबी से टूटी पेयजल पाइप लाइन, घरों में पहुंचा सीवेज का पानी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • मंगलवार सुबह निजातपुरा से कंठाल चौराहा तक सड़क तालाब में तब्दील हो गई। सड़क चौड़ीकरण के दौरान जेसीबी से पेयजल पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे जल सप्लाई का पानी सड़कों पर बह निकला और पूरे मार्ग पर जलभराव हो गया।



जानकारी के अनुसार कोयला फाटक चौराहे से छत्री चौक तक सड़क चौड़ीकरण का काम चल रहा है और फिलहाल कार्य कंठाल तक जारी है। सोमवार शाम जेसीबी से निजातपुरा की पेयजल लाइन टूट गई थी, जिसका पता मंगलवार सुबह करीब 7:30 बजे तब चला, जब घरों में आने वाला पानी सड़कों पर बहने लगा।

पाइप लाइन टूटने से हालात और बिगड़ गए, क्योंकि कई घरों में पेयजल की जगह सीवरेज का पानी आने लगा। क्षेत्र के निवासी अजय मगरिया ने बताया कि सुबह उठते ही सड़कों पर पानी भरा था और नलों से गंदा पानी आने लगा। करीब एक घंटे तक सीवरेज मिक्स पानी नलों से आता रहा।

मामले की जानकारी मिलते ही महापौर मुकेश टटवाल ने पाइप लाइन जल्द ठीक करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क चौड़ीकरण कार्य के दौरान जेसीबी से लाइन क्षतिग्रस्त हुई है, जिसे जल्द ही जोड़कर जल सप्लाई सामान्य की जाएगी।

# 9 जगहों पर हुई जन सुनवाई, पेयजल से संबंधित समस्याओं का किया निराकरण

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • पेयजल से संबंधित समस्याओं को लेकर मंगलवार को एक बार फिर नगर निगम में जल सुनवाई हुई। इसमें रहवासियों ने घरों में नलों से आ रहे दूषित पानी सहित अन्य समस्याओं की शिकायत दर्ज कराई।

महापौर मुकेश टटवाल एवं निगम अध्यक्ष कलावती यादव के निर्देशानुसार नागरिकों की पेयजल संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए शहर के 9 स्थानों पर जल सुनवाई आयोजित की गई है। इनमें मुरलीपुरा पानी टंकी, मिर्चीनाला टंकी, खिलचीपुर टंकी, महानंदा नगर टंकी, त्रिवेणी विहार टंकी, नागझिरी टंकी, देवास गेट टंकी, नगर निगम मुख्यालय और कलेक्ट्रेट भवन शामिल थे।

# मेले में चलते झूले पर मधुमक्खियों का हमला, झूले में बैठे लोग चीखते रहे; डंक से 3 बच्चे गंभीर

**दैनिक इंदौर संकेत**

**नागदा** • मुक्तेश्वर महादेव मंदिर परिसर में चल रहे शिवरात्रि मेले में मंगलवार दोपहर बड़ा हादसा हो गया। चलते झूले पर मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया, जिसमें तीन बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को नागदा के सरकारी अस्पताल के व्रुष्ट में भर्ती कराया गया है। घटना का वीडियो भी सामने आया है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक झूला अपनी पूरी रफ्तार में था, तभी अचानक मधुमक्खियों ने लोगों को काटना शुरू कर दिया। झूले में बैठे लोग चीखने-चिल्लाने लगे। बचने के लिए कई लोग सीटों पर झुक गए और कपड़ों से चेहरा ढंकने लगे।



## झूला रोका गया, तब तक कई घायल

स्थिति इतनी भयावह हो गई कि कुछ लोगों ने ऊंचाई से ही नीचे उतरने की कोशिश की। झूला संचालक ने तुरंत झूला रोक दिया, लेकिन ऊंचाई पर फंसे लोग तब तक मधुमक्खियों के डंक झेलते रहे। नीचे उतारने के बाद कई लोगों के शरीर पर दर्जनों डंक के निशान मिले। गंभीर रूप से घायल बच्चों की पहचान उमेश(13), नैतिक (13) और शिवनारायण (15) के रूप में हुई है। तीनों बनबाना गांव के निवासी और एक ही परिवार से हैं। डॉक्टरों के अनुसार, एक बच्चे की आंख में डंक लगने से उसकी हालत नाजुक बनी हुई है और उसे विशेष निगरानी में रखा गया है।

## मधुमक्खियां कहां से आईं, जांच जारी

मधुमक्खियां अचानक कहां से आईं, इसका अभी तक स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है। घटना के बाद मेले में दहशत का माहौल रहा। प्रशासन और मेला समिति ने सुरक्षा व्यवस्था की जांच शुरू कर दी है।

न्यूज ब्रीफ

## मेडिकल बोर्ड अब जिला चिकित्सालय में संचालित होगा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • जिला मेडिकल बोर्ड का संचालन अब जिला चिकित्सालय में होगा। यह व्यवस्था 18 फरवरी बुधवार से प्रारंभ की जा रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हसानी ने बताया कि जिला चिकित्सालय के निर्माणाधीन होने से मेडिकल बोर्ड का संचालन प्रत्येक बुधवार को पॉलि क्लिनिक हुकुमचंद (लाल अस्पताल) में किया जा रहा था। अब 18 फरवरी बुधवार से दिव्यांग बोर्ड एवं प्रत्येक शुक्रवार को सामान्य मेडिकल बोर्ड का संचालन अब पंडित गोविंद वल्लभ पंत जिला चिकित्सालय, इंदौर के परिसर में होगा। प्रत्येक बुधवार एवं शुक्रवार को प्रातः 09 बजे से प्रातः 10 बजे तक फार्म वितरण किए जाएँगे तथा सोमवार से गुरुवार आवेदन जमा किए जाएंगे।

## श्रीमहांकाल राजसी सवारी का अनवरत प्रसारण पर आकाशवाणी इंदौर को मिला वर्ल्ड ग्रेटेस्ट रिकार्ड का प्रमाण पत्र

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • आकाशवाणी इंदौर को 'वर्ल्ड ग्रेटेस्ट रिकार्ड' का प्रमाण पत्र प्राप्त होने पर संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने आकाशवाणी की पूरी टीम को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। आकाशवाणी की टीम ने आज संभागायुक्त कार्यालय में संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े से भेंटकर उन्हें यह प्रमाण पत्र सौंपा। उल्लेखनीय है कि आकाशवाणी इंदौर द्वारा विगत वर्ष 18 अगस्त को श्रीमहांकाल राजसी सवारी का आकाशवाणी इंदौर की क्रियेटिव टीम द्वारा अनवरत 05.30 घंटे तक सजीव ऑखों देखा हाल प्रसारित किया था, जिसे मध्यप्रदेश स्थित आकाशवाणी के सभी 19 केंद्रो द्वारा एक साथ रिले किया गया।

# भूमाफिया की मदद करने पर इंदौर कलेक्टर की सख्ती, तहसीलदार, पटवारी और आरआई को हटाया

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • कलेक्टर शिवम वर्मा ने भूमाफिया की मदद करने पर जूनी इंदौर तहसीलदार, पटवारी और आरआई को हटा दिया है। साथ ही पूरे मामले की जांच भी शुरू कर दी गई है।

इंदौर कलेक्टर ने भूमाफिया की मदद करने पर तहसीलदार, पटवारी, आरआई को हटाया। जांच में आरोप सही पाए गए, सीमांकन रिपोर्ट पहले खारिज होनी चाहिए थी। कलेक्टर ने जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। शिकायत के बाद कलेक्टर ने तत्काल जांच कराई और कार्रवाई की। भूमाफिया को सख्त संदेश देने के लिए कलेक्टर ने कार्रवाई की।

इंदौर में फिर से सक्रिय हो रहे भूमाफिया के नेटवर्क तोड़ने के लिए इंदौर कलेक्टर ने बड़ी सख्ती की है। इस मामले में कलेक्टर शिवम वर्मा ने जूनी इंदौर तहसीलदार के साथ ही पटवारी और आरआई को हटा दिया है। साथ ही जांच बैठा दी गई है। यह जमीन हरियाणा गृह निर्माण सोसायटी की है और इसमें कई बार जेल जा चुके दो भूमाफिया की भूमिका सामने आ रही है।

**इन पर हुई कार्रवाई**-इंदौर कलेक्टर शिवम वर्मा ने जूनी इंदौर तहसीलदार प्रीति भिस्से के साथ ही आरआई मनीष चतुर्वेदी और पटवारी अक्षय शांडिल्य पर कार्रवाई की है। भिस्से को नजूल शाखा में और आरआई और पटवारी को वर्तमान जगह से हटाते हुए भू अभिलेख शाखा में पदस्थ कर दिया गया है। साथ ही इनके खिलाफ जांच के आदेश भी कर दिए हैं।



**यह है मामला**-इंदौर कलेक्टर के पास शिकायत पहुंची थी कि हरियाणा गृह निर्माण सोसायटी की जमीन पर भूमाफिया सक्रिय है। इनके द्वारा जमीन के सीमांकन के आवेदन लगाए गए और इसे तहसीलदार भिस्से द्वारा मंजूर कर लिया गया, जबकि यह खारिज होना था। उनके आवेदन मंजूर करने के साथ ही सीमांकन रिपोर्ट भी आरआई, पटवारी द्वारा बना दी गई। हालांकि जब इस मामले में जब शिकवा-शिकायतें हुई तो फिर इस सीमांकन रिपोर्ट और आवेदन को खारिज किया गया जबकि यह काम पहले होना था।

**पूर्व कलेक्टर ने दिए थे आदेश**-पूर्व कलेक्टर आईएएस मनीष सिंह ने नगर भूमि सीमा अधिनियम 1976 की धारा 210 के तहत आदेश निकाला था। इसमें सर्वे नंबर लिखते हुए आदेश था कि जब तक सुनवाई नहीं हो जाती इन जमीन पर कुछ नहीं हो सकता है। इसमें हरियाणा सोसायटी की सर्वे नंबर 1179 की जमीन भी थी। यहां प्रशासक भी नियुक्त है।

### कलेक्टर का भूमाफिया को सख्त संदेश

कलेक्टर शिवम वर्मा के पास शिकायत पहुंची, इसके बाद उन्होंने इसमें अपने स्तर पर प्रारंभिक जांच कराई। इसमें शिकायत सही पाई गई। यह सीमांकन मंजूर किया गया था जो पहले ही खारिज होना था। साथ ही इसमें सीमांकन कराकर रिपोर्ट बनवाई गई। इस पर कलेक्टर ने मंगलवार रात को ही स्थापना विभाग को आदेश दिए और जिम्मेदार तहसीलदार, आरआई, पटवारी को उनके कार्यस्थल से हटाकर अन्य जगह पदस्थ कर दिया गया। साथ ही इसमें जांच के आदेश भी दिए गए हैं।

# भाजपा नेता सत्यनारायण सत्तन की बेटी ने ली कांग्रेस की सदस्यता

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • वरिष्ठ भाजपा नेता सत्यनारायण सत्तन की बेटी कनुप्रिया ने कांग्रेस जॉइन की। कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक और अर्चना जायसवाल ने सदस्यता दिलवाई। भोपाल. वरिष्ठ भाजपा नेता और जाने-माने कवि सत्यनारायण सत्तन की बेटी कनुप्रिया ने मंगलवार को कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर ली। कनुप्रिया को कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक और अर्चना जायसवाल ने सदस्यता दिलवाई। वरिष्ठ भाजपा नेता सत्तन की पुत्री के कांग्रेस में जाना चर्चाओं का केंद्र बन गया।



**कांग्रेस में कनुप्रिया का स्वागत: जीतू पटवारी का संदेश**-कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कनुप्रिया के कांग्रेस जॉइन करने पर खुशी जताई। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि हमारे पार्टी में कनुप्रिया का स्वागत है। उनका राजनीतिक अनुभव और विचार पार्टी को नई दिशा और ऊर्जा प्रदान करेगा।

**कनुप्रिया के कांग्रेस में आने के मायने**-कनुप्रिया का कांग्रेस में शामिल होना एक महत्वपूर्ण राजनीतिक घटना मानी जा रही है। यह [illegible] और कांग्रेस के बीच राजनीतिक शक्ति संतुलन में बदलाव का संकेत हो सकता है। मध्य प्रदेश की राजनीति में नए चेहरों का उभरना कांग्रेस के लिए एक उम्मीद की किरण हो सकती है।

**बीजेपी के वरिष्ठ नेता हैं सत्यनारायण सत्तन**-सत्यनारायण सत्तन बीजेपी के वरिष्ठ और प्रतिष्ठित नेता हैं। उन्होंने 1980 में मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में इंदौर-1 निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ा था। हालांकि, उन्हें चंद्रशेखर व्यास से हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद क्षेत्र में उपचुनाव हुआ और सत्तन ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के उम्मीदवार कृपाशंकर शुक्ला को हराकर जीत दर्ज की। सत्यनारायण सत्तन केवल एक वरिष्ठ राजनेता ही नहीं, बल्कि एक प्रख्यात कवि भी हैं। उनका योगदान और राजनीतिक प्रभाव मध्य प्रदेश में महत्वपूर्ण रहा है।

# वंदे मातरम पर भड़काऊ भाषण देने पर हुई एफआईआर

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • मनोज परमार पर बुरहानपुर में एफआईआर हो गई है। मामाला धार्मिक जुलूस के दौरान भड़काऊ भाषण देने का है। परमार के साथ ही अमिता वारूड़े पर केस हुआ है।

बुरहानपुर पुलिस ने भारतीय न्याय संहित बीएनएस 2023 की धारा 196(1)(ए) और 299 के तहत केस किया है। बुरहानपुर के आजाद नगर निवासी सैय्यद रफीक की शिकायत पर पुलिस ने यह केस किया है। लिखित शिकायत में आरोप है कि परमार और वारूडे ने मुस्लिम समाज की धार्मिक भावनाएं आहत करने वाली बात कही। इससे शहर में शांति व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास किया गया। परमार ने 15 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व के जुलूस में परमार और वारूड़े ने धार्मिक भावनाएं आहत करने वाली बात कही। परमार ने कहा था कि- याद रखना इस देश में रहने वाले हर व्यक्ति को वंदे मातरम गाना पढ़ेगा। हिंदुस्तान में रहना है तो वंदे मातरम बोलना होगा। अब केंद्र सरकार ने कह दिया है कि वंदे मातरम के पूरे 6 छंद गाना है, दो छंदों से काम नहीं चलेगा। जो लोग विरोध कर

### बुरहानपुर में बोला था वंदेमातरम के 6 छंद नहीं गाए तो 6 नंबर का बना देंगे



रहे हैं, मैं कहना चाहता हूं, वंदे मातरम् के 6 छंद गाना होंगे नहीं तो 6 नंबर का बना देंगे। वंदेमातरम वह शब्द है जिससे देश को आजादी मिली है। वंदेमातरम को कहने में शर्म नहीं गर्व होना चाहिए। इस बात का ध्यान रखना जो इसके खिलाफ है, वहीं चले जाना, जहां से उनके पूर्वज आए अकबर, बाबर। इसी तरह हाल ही में गैंगस्टर सतीश भाऊ और उनकी पत्नी नीलम पवार पर भी इंदौर खजराना थाने में केस हुआ है। इन्होंने खजराना मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश किया था। प्रशासन की शिकायत पर इन पर केस हुआ है।

# गांधीगीरी का जुनून : अनोखे अंदाज में ट्रैफिक संभालती हैं 'डान्सिंग ट्रैफिक गर्ल' शुभी जैन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • प्रदेश के इंदौर शहर की सड़कों पर इन दिनों एक नया चेहरा लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहा है। यह चेहरा है शुभी जैन का, जो एक स्वयंसेवी ट्रैफिक कॉप और एमबीए की छात्रा हैं। शुभी अपने अनोखे और नाटकीय अंदाज में ट्रैफिक संभालने के कारण सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बनी हुई हैं। लोग उन्हें डांसिंग ट्रैफिक गर्ल और लेडी सिंघम जैसे नामों से पुकार रहे हैं।

उनका अंदाज परंपरागत रूप से पुलिस की सख्ती के विपरीत बेहद मजेदार, दोस्ताना और बेहद रचनात्मक है। यह लोगों को खूब पसंद आ रहा है। अपने इस मजेदार अंदाज की वजह से वह लोगों को आसानी से नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित कर पाती हैं। उनके वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहे हैं।



**ट्रैफिक संभालने का तरीका बिल्कुल अलग**-शुभी का ट्रैफिक संभालने का तरीका पारंपरिक शैली से बिल्कुल अलग है। वे सिग्नल पर खड़े होकर सिर्फ हाथ के इशारों से वाहनों को नियंत्रित नहीं करतीं, बल्कि डांस मूव्स, स्टाइलिश सलामी और नाटकीय हाव-भाव के जरिए लोगों का ध्यान खींचती हैं। कभी वे मूनवॉक करती दिखाई देती हैं तो कभी तालबद्ध अंदाज़ में हाथ हिलाकर वाहनों को रुकने या चलने का संकेत देती हैं। उनका उद्देश्य केवल ट्रैफिक कंट्रोल करना नहीं, बल्कि लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाते हुए उन्हें नियमों का महत्व समझाना होता है।

**सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा वीडियो**-एक वायरल वीडियो में शुभी एक लड़की को देखकर मजाकिया अंदाज़ में कहती हैं कि उसके खरगोश वाले ईयर कवर बहुत क्यूट हैं, लेकिन हादसे के समय ये उसे नहीं बचाएंगे। इस हल्के-फुल्के संवाद के माध्यम से वे हेलमेट और सुरक्षा के महत्व की ओर इशारा करती हैं।

इसी तरह जब वे तीन युवकों को एक ही बाइक पर बैठा देखती हैं, तो मजाक में कहती हैं कि इनसे दोस्ती निभाना सीखो, तीनों साथ जी रहे हैं और साथ चल रहे हैं। उनके इस अंदाज़ में छिपा संदेश साफ है कि ट्रिपलिंग खतरनाक है।

मामला एमबीए छात्रा खुशबू की मौत का

# दिनभर लड़कियों का आना-जाना लगा रहता था पीयूष के रूम पर

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • एमबीए की छात्रा खुशबू की हत्या करने वाले आरोपी पीयूष धामनोदिया के रूम पर दिनभर लड़कियों का आना-जाना लगा रहता था। इसके चलते उसे कोई भी मकान मालिक एक दो महीने से ज्यादा नहीं रहने देता था। अंकल गली स्थित कमरे पर खुशबू रोज आती थी। इसके चलते मकान मालिक ने कमरा खाली करने की कहा था। यहीं पर उसने खुशबू की हत्या की थी। द्वारकापुरी पुलिस के रिमांड पर चल रहे आरोपी के खिलाफ पुलिस पुख्ता सबूत जुटा रही है। पूछताछ में उसने बताया कि हत्या के बाद तनाव के चलते वह खुद भी मरना चाहता था, इसके लिए इंदौर स्टेशन पर ट्रेन के सामने खड़ा हो गया था, लेकिन डर के कारण पटरी से हट गया।

**मुझसे अनर्थ हो गया**

पुलिस अधिकारी के समक्ष पूछताछ में उसने कागज पर लिखा कि मुझसे अनर्थ हो गया है। मैं खुशबू से प्यार करता था, लेकिन तैश में आकर उसे मार दिया। जांच में यह भी सामने आया है आरोपी मृतक की आत्मा से बात करना चाहता था। वह टोने-टोटके वाले वीडियो भी देखता था। मुंबई के अंधेरी थाने में भी वह इसी तरह की बातें लिख चुका है। आरोपी ने मुंबई के पास पनवेल के सुनसान स्थान पर अगरबत्तियां जलाईं। वह आत्माओं को कैसे बुलाएं जैसे विषयों पर यूट्यूब वीडियो देखता रहा।

### पूछा- कितनी सजा होगी

*द्वारकापुरी थाने में आरोपी अन्य आरोपियों से कहता है कि उसने यूट्यूब पर वकील और पुलिस से संबंधित वीडियो देखे हैं। वह कहता है कि जेल में रहकर पढ़ाई करेगा। एक आरोपी से पूछा कि उसे कितनी सजा हो सकती है। उधर, पुलिस ने छात्रा की छोटी बहन और चचेरी बहन को थाने बुलाकर छात्रा के सामान की पहचान कराई। उनसे आरोपी और छात्रा के संबंध, मुलाकात और घर आने-जाने के बारे में जानकारी ली।*

# डायल 112 में मर्सिडीज चल रही है क्या? 972 करोड़ के टेंडर देखकर हाई कोर्ट हैरान

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • मध्य प्रदेश में आपातकालीन सेवा डायल 112 की खरीदी गई गाड़ियों पर विवाद थम नहीं रहा है। अब इस पर हाईकोर्ट ने भी सवाल खड़े कर दिए हैं। 972 करोड़ के भारी-भरकम टेंडर को देखकर हाई कोर्ट ने पूछा कि क्या आप मर्सिडीज चला रहे हो।

डायल 112 प्रोजेक्ट में सॉफ्टवेयर गड़बड़ी का मामला हाईकोर्ट पहुंच गया है। 972 करोड़ के भारी-भरकम वाहन टेंडर पर हाई कोर्ट ने हैरानी जताई है। 30 किलोमीटर दूर खड़ी गाड़ियों को डायल 112 के कॉल पहुंच रहे हैं। 5400 प्राइवेट कर्मचारी को पुलिस विभाग भुगतान कर रहा है। इसका खुलासा कोर्ट में हुआ है। पुलिस विभाग के नए कॉन्ट्रैक्ट पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है।

मध्य प्रदेश में इमरजेंसी रिस्पांस और पुलिस सहायता के लिए शुरू हुए डायल 112 प्रोजेक्ट को अभी 1 साल भी पूरा नहीं हुआ है। लेकिन, उसके कॉल सेंटर पर कॉल रिसीव होने से लेकर उसके समाधान के लिए जिम्मेदार सीएडी सॉफ्टवेयर का विवाद हाईकोर्ट पहुंच गया है। दरअसल, पुलिस विभाग के अनुसार जिस कंपनी को टेंडर दिया गया था, उनका सॉफ्टवेयर ठीक ढंग से काम नहीं कर रहा है। इसके चलते ही पुराने टेंडर को कैंसिल किए बिना विभाग ने एक नया टेंडर जारी कर दिया। यही मामला विवाद की जड़ बन गया।

**दे दिया दूसरी कंपनी को टेंडर**-डायल 112 प्रोजेक्ट का टेंडर 972 करोड़ रुपए में EMRI ग्रीन सॉल्यूशंस को मिला था। इसमें डायल 112 की गाड़ियों से लेकर उसमें लगे उपकरण और कॉल सेंटर के सेटअप सहित कर्मचारी भी उपलब्ध कराने थे। पिछले दिनों यह सामने आ रहा था कि 112 पर कॉल आने के बाद 25 से 30 किलोमीटर दूर खड़ी गाड़ियों को कॉल अटेंड करने का मैसेज पहुंच रहा था। यानी सॉफ्टवेयर में बड़ी शिकायतें आने लगी। ऐसे में पुलिस विभाग ने एक नया टेंडर जारी करते हुए [illegible] सॉफ्टवेयर का पूरा काम एक नई कंपनी को दे दिया। इसके बाद पिछली कंपनी ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर दी।



**972 करोड़ में 1200 गाड़ियों पर कोर्ट ने जताई हैरानी**-सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि सीएडी सॉफ्टवेयर के ऑपरेशन के कॉन्ट्रैक्ट की कीमत 6 करोड़ 29 लाख रुपए है। इसी दौरान 1200 वाहनों के प्रोजेक्ट टेंडर की लागत 972 करोड़ रुपए होने की बात सामने आई है। इसके चलते डिविजनल बेंच ने मौखिक टिप्पणी करते हुए पूछा कि क्या आप डायल 112 में मर्सिडीज कार चला रहे हैं? हालांकि सरकार की ओर से स्पष्टीकरण दिया गया कि इस राशि में केवल वाहन ही नहीं, बल्कि उनमें लगने वाले उपकरण, सॉफ्टवेयर, डेटा सेंटर इक्विपमेंट और अन्य तकनीकी संरचना भी शामिल है। फिर भी कोर्ट ने यह भी पूछा कि इतने बड़े प्रोजेक्ट का मुख्य तकनीकी हिस्सा मात्र 6 करोड़ का कैसे हो सकता है।

**एक दूसरे पर लगा रहे सुस्ती का आरोप**-याचिकाकर्ता कंपनी EMRI ग्रीन हेल्थ सर्विसेज को 12 मार्च 2025 की निविदा के आधार पर 30 मई 2025 को सिस्टम इंटीग्रेटर के रूप में वर्क ऑर्डर मिला था। कंपनी का दावा है कि 4 सितंबर 2025 से उसने 1200 गाड़ियों के साथ सफलतापूर्वक सेवाएं शुरू कर दी थीं। कॉल हैंडलिंग छह हजार 281 से बढ़कर नौ हजार 408 प्रतिदिन हो गई। लेकिन, 31 दिसंबर 2025 को विभाग ने एक नई निविदा जारी कर दी। इसमें सीएडी सिस्टम को अलग से टेंडर किया गया।

कंपनी का आरोप है कि यह कॉन्ट्रैक्ट का उल्लंघन है। पसंदीदा कंपनियों को लाभ पहुंचाने के लिए शर्तों में ढील दी गई। इस मामले में पुलिस विभाग से सॉफ्टवेयर गलती बता रहा है तो [illegible] सर्विसेज का आरोप है कि पुलिस कर्मी जानकर केस को जल्द बंद नहीं करते। इसके कारण रिस्पांस में देरी हो रही है।

**पुलिस पर दबंगई के आरोप, बनवा लिया कैंटीन और कॉन्फ्रेंस हॉल**-EMRI की ओर से आरोप लगाया गया है कि पुलिस डिपार्टमेंट में उससे ऐसे काम भी करवा लिए, जो टेंडर का हिस्सा ही नहीं थे। जैसे 1200 FRP वाहनों में अतिरिक्त फिटिंग, रेट्रोफिटिंग, और यहां तक कि कॉन्फ्रेंस हॉल निर्माण, कैंटीन नवीनीकरण जैसे काम भी करवाए। कंपनी का दावा है कि कुल 97 करोड़ के खर्च में से 54 करोड़ का ही पेमेंट किया गया है और 42 करोड़ रुपए रोक लिए गए हैं।

### पुलिस ने गिनाई ये खामियां

पुलिस विभाग के अनुसार अभी उपयोग हो रहा सीएडी सॉफ्टवेयर तकनीकी रूप से सही काम नहीं कर रहा है। कॉल आने पर आसपास की एफआरवी के बजाय 30 किलोमीटर दूर की एफआरवी को मैसेज चला जाता है। वहीं कंपनी का कहना है पुलिस कर्मी जानबूझकर कॉल को बंद नहीं करते। इसके कारण उनकी एफआरवी व्यस्त बताती है और दूर की एफआरवी को मैसेज जाता है। इसी आधार पर पुलिस विभाग ने सीएडी सॉफ्टवेयर के पूरे ऑपरेशन का टेंडर 6 करोड़ 29 लाख 80 हजार रुपए में नोएडा की NIRASYS इन्फोटेक को दे दिया गया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : **अक्षय तिवारी** द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरुद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650**
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।